
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 329 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 16 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## PM मोदी की 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल लिस्ट' में बादशाहत कायम, बाइडेन और ऋषि सुनक छूटे काफी पीछे

समाज जागरण

नई दिल्ली. अपनी जी20 सफलता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग लिस्ट में टॉप पर अपना स्थान बरकरार रखा है. उनके बाद स्विस राष्ट्रपति एलेन बर्सेट 64 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर और मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर तीसरे स्थान पर हैं.

जून में जारी अंतिम अप्रूवल रेटिंग के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की ताजा रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है और उन्होंने 40 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ सातवां स्थान बरकरार रखा, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 27 प्रतिशत रेटिंग के साथ 12वें स्थान से गिरकर 15वें स्थान पर आ गए हैं.

हालांकि, 76 प्रतिशत के साथ प्रधानमंत्री मोदी की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग में दो



प्रतिशत अंक की गिरावट आई है. डिसिजन इंटेलीजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा 14 सितंबर को 'ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रैकर' जारी किया गया है. कंपनी ने फरवरी में भी पीएम मोदी को 78 प्रतिशत स्कोर के साथ अपनी अप्रूवल रेटिंग में शीर्ष पर रखा था. तब से, उनके अप्रूवल रेटिंग में दो प्रतिशत अंक की गिरावट आई है.

मॉर्निंग कंसल्ट के अनुसार, लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग 6 से 12 सितंबर तक एकत्र किए गए आंकड़ों पर आधारित हैं. इसमें कहा गया है कि रेटिंग अलग-अलग सैम्पल साइज के साथ प्रत्येक देश में वयस्क निवासियों के सात-दिवसीय औसत पर आधारित हैं. नई दिल्ली में भव्य जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन – जिसमें भाग लेने वाले सदस्य देशों के अधिकांश नेताओं ने प्रशंसा की – 9 और 10 सितंबर को आयोजित किया गया था. सूची में 22 देशों के नेताओं की रैंकिंग शामिल है, जिनमें से अधिकांश जी20 सदस्य हैं.

सूची के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के एंथोनी अल्बानीज 48 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर, जबकि इतालवी पीएम जियोर्जिया मेलोनी 42 प्रतिशत के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे. पीएम मोदी के अलावा, जो दक्षिणपंथी बीजेपी से हैं, मेलोनी शीर्ष 10 में एकमात्र अन्य वैश्विक नेता हैं जिनकी पार्टी, ब्रदर्स ऑफ इटली, राजनीति में दक्षिणपंथी से लेकर सुदूर दक्षिणपंथी तक का स्थान रखती है. आयरिश प्रधानमंत्री या ताओसीच, लियो वराडकर की पार्टी की राजनीतिक स्थिति केंद्र-दक्षिणपंथी है. बाकी नेता – स्विट्जरलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, स्पेन और कनाडा उन पार्टियों से हैं जो केंद्र-वामपंथी से वामपंथी हैं या सामाजिक उदारवाद (अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी) का पालन करते हैं.

## उप जिलाधिकारी सदर ने की डूब क्षेत्र में प्लोटिंग करने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई।

### हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में हो रही अवैध प्लोटिंग को उप जिलाधिकारी सदर ने कराया ध्वस्त।

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर 15 सितंबर 2023 उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जनपद में डूब क्षेत्र में हो रही अवैध प्लोटिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी गण अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार द्वारा डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में तहसील सदर के ग्राम सफीपुर में गाटा संख्या 13, 14म,15 की लगभग 3.5 हेक्टेयर भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराने की बड़ी कार्रवाई की गई है। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि उक्त जमीन हिंडन नदी का डूब क्षेत्र है और जिस पर रविंद्र टाइगर व शैलेश गर्ग के द्वारा अवैध रूप से प्लोटिंग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह 40 बीघा जमीन थी, जोकि लगभग 20 करोड रुपए की है। बिल्डिंग मटेरियल को हटाने की कार्रवाई 2 दिन में पूर्ण कर ली जाएगी साथ ही



## यूपी इन्टरनेशनल ट्रेड फेयर: राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के टीम भी होंगे शामिल

नोएडा समाज जागरण डेस्क

उत्तर प्रदेश में 21 से 25 सितंबर, 2023 तक पहला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू और वढ के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के टीम भी इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनेंगे। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनर श्री मनीष वर्मा ने उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के टीम को आज निमंत्रण पत्र भेजा है ।

पहला यूपी इन्टरनेशनल ट्रैड फेयर मे शामिल होने के लिए जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने निमंत्रण पत्र विकास जैन प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के घर पर भिजवाया है। निमंत्रण पत्र मिलने के बाद टीम मे काफी हर्ष का माहौल है और इस सम्मान के लिए जिलाधिकारी श्री मनीष वर्मा का आभार व्यक्त किया है।




बताते चले कि इस आयोजन को लेकर तैयारी जोरो शोरो पर है। इसमे देश तथा विदेश के उद्योग तथा उनसे जुड़े प्रतिनिधी शामिल होंगे जिसकों लेकर सुरक्षा तथा सफाई के साथ-साथ रहने और ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार भी जारी है।

### हरियाणा नूंह हिंसा मामला

## कांग्रेसी विधायक मामन खान को लिया पुलिस ने हिरासत में

विनोद कश्यप, प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के कांग्रेसी विधायक मामन खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहाँ यह बताना भी जरूरी है कि 14 सितम्बर को उच्च न्यायालय ने मामन खान की गिरफ्तारी की रोक पर अपील ठुकराते हुए अन्य विकल्पों के इस्तेमाल की ही छूट दी थी। यानि इस मामले में मामन खान को राहत नहीं मिल पाई थी।

सूत्रों के मुताबिक मामन खान को करीब 9 बजे आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा के नूंह में भड़की हिंसा के मामले में पुलिस की टीम ने जहाँ कांग्रेस विधायक मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया है वहीं इस इलाके में अब इंटरनेट की सेवाएं भी दो दिन के लिए बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा नूंह जिला में धारा 144 लागू की गई है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार प्रातः काल हरियाणा पुलिस की टीम ने कांग्रेस विधायक को नूंह हिंसा मामले में गिरफ्तार किया। इससे पहले विधायक मामन खान ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था लेकिन अब पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। इधर मामन खान की गिरफ्तारी के बाद नूंह में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। नूंह में गृह विभाग की तरफ से दो दिनों के लिए इंटरनेट और मोबाइल एसएमएस सेवाओं पर रोक लगा दी है वहीं जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है।



फिलहाल, मामन खान को अब नूंह जिला अदालत में पेश किया जा रहा है। यहां से पुलिस मामन खान की रिमांड हासिल करेगी। जिला अदालत के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। साथ ही कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी को लेकर पूरे जिले में सुरक्षा बढ़ाई गई है। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। नूंह के डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि, कोई अप्रिय घटना ना हो इसलिए हमने धारा 144 लागू की है। साथ ही इंटरनेट भी बंद करने के आदेश दे दिए गए हैं।

नूंह जिले में 15 सितंबर को सुबह 10:00 बजे से 16 सितंबर को 23:59 बजे तक मोबाइल इंटरनेट अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा। लोगों से अपील है कि वे शुक्रवार की जुमे की नमाज घर में ही करें।

### 60 एफआईआर के साथ अब तक 330 लोग गिरफ्तार

नूंह हिंसा को लेकर एसपी नरेंद्र बिजारनिया ने बड़ी जानकारी दी है। एसपी नरेंद्र बिजारनिया ने बताया कि, हिंसा में कार्रवाई के तहत अब तक 60 एफआईआर दर्ज.की गई हैं और 330 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया से हिंसा भड़काने को लेकर 11 लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज. हुए हैं और 5 लोग गिरफ्तार हुए हैं। बिजारनिया के अनुसार, जांच में यह पाया गया है कि कुछ यूट्यूब और टेलीग्रम चैनल ऐसे हैं जिनका कनेक्शन सीमा पार (पाकिस्तान) से है। इनका किसी भी अप्रीय घटना में हिंसा भड़काने का काम होता है।



### मामन खान पर हरियाणा सरकार के मंत्री का बड़ा बयान

इधर, कांग्रेस विधायक मामन खान की गिरफ्तारी को लेकर हरियाणा सरकार के एक मंत्री का बड़ा बयान सामने आया है। कैबिनेट मंत्री देवेंदर सिंह बबली ने कहा कि हरियाणा के भाईचारे को खराब करने में कोई भी इंसान लिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। विधायक भी आम नागरिक है और अगर गलती की है तो उस पर कानूनी कार्रवाई बनती है और कार्रवाई होगी।

### बृजमंडल यात्रा के दौरान हुई थी हिंसा

नूंह में 31 जुलाई को हिंदुओं की धार्मिक बृजमंडल यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में शामिल लोगों पर दूसरे समुदाय की तरफ से अचानक पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते हालात इस कदर बिगड़ गए कि, जमकर पत्थरबाजी हुई और आगजनी की गई। यात्रा में शामिल कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं कई गाड़ियां पथराव में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त की गईं। पत्थरबाजों ने पुलिस फोर्स पर भी पथराव किया और उनकी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। साथ ही हिंसा में छह लोग मारे गए।

## गड्ढों में तब्दील सड़क को लेकर छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

दैनिक समाज जागरण
सुनील श्रीवास्तव

सिद्धार्थनगर यह तो सच है कि सड़के क्षेत्र के विकास में अहम रोल अदा करती हैं। लेकिन जब सड़के जर्जर क्षतिग्रस्त और गढ्ढों में तब्दील हों तो क्षेत्र का विकास होना कैसे संभव माना जाए। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां पर क्षतिग्रस्त एवं गढ्ढे युक्त सड़क को लेकर छात्रों ने आंदोलन के चेतावनी दी है। लेकिन अब देखना है कि छात्रों के आंदोलन से पहले विभागीय अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद टूटती है या नहीं, मिली जानकारी के अनुसार जनपद में जिम्मेदारों की भ्रष्ट नीतियों के कारण सड़कें तालाब बन गयी है। जिससे राहगीरों को सफर करने में बेहद कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है,राहगीर जान जोखिम मे डालकर अपना यात्रा कर रहें हैं। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र डुमरियागंज के भड़रिया भरवठिया मार्ग में बड़े बड़े गढ्ढें हैं। जबकि शासन की मंशा है कि सड़के गढ्ढा मुक्त हो लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण शासन के मंशा पर पानी फिर रहा है। क्षेत्र के देवरिया चमन निवासी गिरधर प्रसाद चतुवेर्दी ने कहा कि इस सडक पर दो इण्टर कालेज है सैकड़ो की संख्या मे बच्चें पढ़ने जाते हैं,बच्चो की साइकिल जल्दी खराब हो जाती है,तथा कई बार बच्चों के गिरने से किताब कापी भी खराब हो गयीं है। वहीं पेड़रियाजीत निवासी बलेसर यादव ने बताया की बरसात के समय में गढ्ढों में बारिश की पानी भरने से अंदाजा नही हो पाता है कि गढ्ढें कितने बड़े हैं।

और लोग उसमें गिरकर चोटिल हो जाते हैं। वहीं बलेसर यादव ने कहा कि सड़क बनवाने के नाम पर अभी तक केवल आश्वासन ही मिलता आ रहा है। सडक की स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि सड़क बनने के बाद आज तक मरम्मत तक नहीं किया गया है। सड़क पर पूरी तरह से गढ्ढों का रूप ले चुकी है। क्षेत्रीय लोगों ने सड़क बनवाने की मांग की है। तो वहीं छात्रों में भरवठिया भड़रिया मार्ग को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिला रहा है। छात्रों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द सड़क नहीं बनवाया गया तो हम लोग मिलकर सड़क पर एक बड़ा आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।





## गिल के शतक पर फिरा पानी !

**नई दिल्ली.** शाकिब अल हसन की कप्तानी पारी के बाद बांग्लादेश ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत को रोमांचक मैच में 6 रन से हरा दिया. टीम इंडिया 266 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी. टीम इंडिया 1 गेंद बाकी रहते 259 रन पर ढेर हो गई. शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़े, बावजूद इसके भारतीय टीम को फाइनल से पहले हार झेलनी पड़ी है. भारत को पिछले 4 वनडे में बांग्लादेश ने तीसरी बार हराया है. हालांकि टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला महज औपचारिकता भर था क्योंकि भारतीय टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है जहां रविवार को वह श्रीलंका से भिड़ेगी.



भारत ने इस मुकाबले में 5 बदलाव किए थे. फाइनल से पहले भारतीय टीम ने अपने 5 मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया था. टीम इंडिया की ओर से गिल ने जहां शतकीय पारी खेली वहीं अक्षर पटेल 42 रन बनाकर आउट हुए. सूर्यकुमार ने 26 रन का योगदान दिया. बांग्लादेश की ओर से पेसर मुस्ताफिजुर रहमान ने 3 जबकि डेब्यूटेंट तनजीम हसन शाकिब और मेहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट लिए.

24 वर्षीय शुभमन गिल ने 117 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. उन्होंने शतकीय पारी में 6 चौके और 4 छक्के जड़े. गिल ने 133 गेंदों पर 121 रन की पारी खेली. गिल के वनडे करियर का यह छठा शतक है. वह इस साल 2023 अभी तक 6 इंटरनेशनल शतक जड़ चुके हैं. इस दौरान उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अभी तक इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 5 सेंचुरी जड़ी है.




# भीड तंत्र के खतरों से अनभिज्ञ समाज।

## भीड़ का न्याय सामाजिक शांति को खतरा

**दैनिक समाज जागरण**

देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग।

वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं।

और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है।

भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण है जहां भीड़ ने अपने नेता को पद से हटाकर उसकी विनाश लीला ही रचा दी थी। फ्रांस का शासक रोबेस्पीयर इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। और सिगमंड फ्रायड के अनुसार भीड़ में व्यक्ति अपने सारे मूल्य खोकर आदिम काल में पहुंच जाता है, और भीड़ में कोई धर्म नहीं रह जाता है। कार्यपालिका तथा न्यायपालिका की लेटलतीफी के कारण भीड़ को कानून का भय लगभग समाप्त हो गया है। धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर किसी विशेष धर्म के लोगों को खानपान तथा व्यंजन के आधार पर कथित लोगों द्वारा किसी को भी निशाना बना कर उसकी हत्या कर दी जाती है, यह देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्य जनक है। रही सही कसर सोशल मीडिया पूरा कर रहा है, फर्जी समाचार तथा राजनीतिक नियंत्रण के कारण सोशल मीडिया कई बार किसी विशेष वर्ग के द्वारा राजनीतिक संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। लोकतंत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा चौथा स्तंभ मीडिया भी जन जागरूकता के प्रचार प्रसार के बजाय घटनाओं को धर्म तथा वर्ग के आधार पर विशेष वर्ग के हितों को प्रचारित प्रसारित करता है, जो इस आदिम कॉल की व्यवस्था को पुष्पित पल्लवित करता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग सामाजिक विकास न्याय के स्थान पर अन्याय प्रकृति की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है। मॉब लिंचिंग के कारण समाज में आम हिंसा की घटनाएं बढ़ने लगी है,इससे समाज की संस्कृति को दीर्घकालिक क्षति होगी। इस तरह भीड़ तंत्र के द्वारा की गई हिंसक घटनाओं तथा हत्या से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की साख की गिरावट भी होती है, एवं आर्थिक क्षेत्र में निवेश पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी तरह हिंसक घटनाओं से पलायन तथा संसाधनों के विकास पर बाधा पड़ने से सामाजिक तथा आर्थिक क्षमता को बढ़ावा मिलता है।

भारत में स्वतंत्रता संग्राम भी सामूहिक भीड़ के माध्यम से ही जीता था,फ्रांस तथा रूस में भी भीड़ द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाकर अनैतिक तथा अवैधानिक शासन तंत्र को खत्म किया था। भीड़ तंत्र द्वारा ही करप्शन अगेंस्ट इंडिया चलाकर का भी कुछ सफलता प्राप्त की थी।पर इस भीड़ तंत्र के न्याय की नकारात्मक भूमिका आज की स्थिति में ज्यादा है। अतः हमें इसे प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। भीड़ तंत्र तथा मॉब लिंचिंग को एक घनघोर सामाजिक बुराई समझकर सामाजिक संगठनों नागरिकों एवं शासन तंत्र द्वारा एक अभियान चलाकर ऐसे लोगों को हतोत्साहित कर कठोर कानून बनाकर इसे नियंत्रित किया जाना चाहिए। तब जाकर भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा प्रजातंत्र की आस्था जीवित रहेगी।



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# लीजिये हाजिर हैं नए चुनावी मुद्दे

**दैनिक समाज जागरण**

अधजल गगरी छलक ही जाती है। भाजपा के सर पर रखी सत्ता की गगरी छलक गयी है,उसमें से आगामी चुनावों के लिए जो मुद्दे छलक कर जमीन पर गिरे हैं उन्हें देखकर आपको निराशा होगी । भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान में अपनी चतुरंग सेना लेकर उतरने को आतुर आईएनडीआई ऐ की गगरी के छलकने का इन्तजार है। प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के बीना में खुद अपनी पार्टी के नए चुनावी मुद्दों की बीन बजाई । उन्होंने जी-20 की सफलता और सनातन धर्म पर मंडराते कथित खतरों को लेकर जन-संसद में हाजिर होने के संकेत दे दिए हैं। दुनिया मोदी जी को मदारी,जादूगर समझे बैठी थी लेकिन वे सनातन सपेरे निकले। पूरे एक दशक देश की बागडोर सम्हालने वाली भाजपा के पास जनता के सामने परोसने के लिए उपलब्धियों के नाम पर जब कुछ नहीं बचा तब ऐसे मुद्दों के जरिये जंग जीतने की कोशिश की जा रही है जो दरअसल मुद्दे हैं ही नहीं। जो असली मुद्दे थे उन्हें या तो ताक पर रख दिया गया ,या फिर उनके ऊपर धूल डाल दी गयी ,क्योंकि न तो जी-20 की कथित कामयाबी कोई मुद्दा है और न सनातन पर कोई खतरा है। असली बात है आईएनडीआईए की मौजूदगी ,जो भाजपा को भयभीत किये हुए है।किसी राज्य के एक अदने से मंत्री के सनातन विरोधी बयान को पूरे विपक्ष के माथे पर ठीकरा बनाकर फोड़ने की भाजपा की मजबूरी देखकर हंसी आती है। पता नहीं कैसे भाजपा जी-20 की एक बैठक से जनता का माथा ऊंचा और सीना चौड़ा करना चाहती है ? देश में जैसे-जैसे पांच विधानसभाओं के साथ ही आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं,वैसे-वैसे भाजपा की धड़कने तेज हो रहीं है। हांथों के तोते उड़ते दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि भाजपा ने अपना पूरा समय सत्ता पर काबिज रहने के लिए बिसातें बिछाने में खर्च कर दिया। बीते एक दशक में भाजपा ने अपनी चाल,चरित्र और चेहरे में बदलाव की जो भी कोशिशें की वे ' उलटे बांस बरेली 'जैसी साबित हुई। भाजपा पर्याप्त बहुमत के बावजूद ऐसा कुछ हासिल नहीं कर पायी कि जिस बिना पर देश की जनता उसे बिना रोये-गिड़गिड़ाए हंसी-खुशी अपना समर्थन दे दे। ये सभी सत्तारूढ़ दलों के साथ होता है ,उनमें चाहे श्री नरेंद्र मोदी जैसा चमत्कारी नेता हो या न हो। कांग्रेस की एक दशक पुरानी सत्ता भी 2014 में ऐसी ही आत्ममुग्धताओं और लापरवाही की वजह से गयी थी।

भाजपा की एक दशक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में खुद भाजपा को समाप्त करना शामिल है । कांग्रेस में चाहे इंदिरा गाँधी की सरकार हो चाहे राजीव गांधी की सरकार कम से कम एक ही कद के तमाम नेता हुआ करते थे,जो एक-दूसरे को टोक सकते थे,रोक सकते थे,आँखें दिखा सकते थे। माननीय अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं लेकिन आज की सरकार में नरेंद्र मोदी के कन्धों तक पहुँचने वाला कोई नेता बचा ही नहीं है। वे अपने ' कटआउट 'आकार के सामने किसी भी दूसरे नेता की मौजूदगी बर्दाश्त कर ही नहीं पाए । यहां तक की मोदी जी के हनुमान गृहमंत्री श्री अमित शाह की परछाईं भी जी-20 के दौरान किसी को नजर नहीं आयी। एक विदेश मंत्री जयशंकर और वित्त मंत्री सीता माता को अवश्य मोदी जी की कुर्सी के पीछे तालियां बजाते हुए जरूर देश और दुनिया ने देखा। मोदी जी को अपने दल के ही नहीं विपक्ष के भी कद-काठी के नेता पसंद और बर्दाश्त नहीं है। इसीलिए विदेशी मेहमानों के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया। बात मुद्दों की की जाये तो तमिलनाडु के एक युवा मंत्री के सनातन विरोधी बयान को पूरे विपक्ष का बयान बताने में लगी सकल भाजपा दरअसल धर्म ध्वजाधारक राजनीतिक दल बनी रहना चाहती है । भाजपा शायद नहीं जानती कि उदयनिधि उस खेत की मूली भी नहीं हैं जिस खेत से दो दशकों तक अंग्रेजी सत्ता की फसल होती रही। उदयनिधि उस खेत की खरपतवार भी नहीं है जिस खेत से देश में चार-पांच सौ साल तक मुगलों ने सत्ता की अरहर उगाई। इन दोनों के रहते जब देश का सनातन धर्म खतरे में नहीं पड़ा तो एक अदने से उदयनिधि के बयान से हमारे सनातन धर्म को क्या खतरा हो सकता है ? सनातन धर्म कोई छुईमुई नहीं जो किसी के एक बयान से मुरझा जाये। उदयनिधि को तो हमारे देश की बाबा मंडली ही फूंक में उड़ा सकती है ,उसके लिए भाजपा क्यों हलकान है ? फिर भाजपा को सनातन धर्म की रक्षा का ठेका किसने दिया है ? सनातनी खुद ये काम बाखूबी कर सकते हैं। लेकिन मजबूरी का नाम भाजपा होता है । भाजपा मंदिर-मस्जिद और धर्म से बाहर आकर खेल ही नहीं सकती।



मुझे भाजपा बहुत अच्छी पार्टी लगती है क्योंकि उसके पास एक सुगठित संगठन है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसी एक मात्र संस्था है। विपक्ष के पास ऐसा कुछ नहीं है । विपक्ष की सबसे बड़ी और पुरानी पार्टी कांग्रेस अपना संगठन और मात्र संस्थाओं को कब का होम कर चुकी है। फिर भी भाजपा में घबड़ाहट है ,उसे जनता के असनतोष की आहट साफ सुनाई दे रही है । आप कभी मध्यप्रदेश आकर देखिये ,वहां विधानसभा चुनाव से पहले संघ खुद रूप बदलकर भाजपा को बचने के लिए चुनाव मैदान में है । संघ ने अपने ही कुछ प्रचारकों को कथित बागी बनाकर एक राजनीतिक दल का गठन करा दिया है जो भाजपा विरोधी वोटों को विपक्ष के पास जाने से रोकने की कवायद करेगा। मध्यप्रदेश में भाजपा की दो इंजन वाली सरकार है लेकिन उसे भी चुनाव मैदान में उतरते ही भावनात्मक खेल खेलना पड़ रहा है । भाजपा राखियां बंधवाकर महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए की खैरात बांटने पर विवश है।

भाजपा के लिए मध्यप्रदेश ही जंग का पहला मोर्चा है । पिछले कुछ वर्षों में भाजपा अनेक मोर्चों पर मुंह की खाती आ रही है । माननीय मोदी जी की बाहुबली और अद्भुद सरकार की तमाम ऐतिहासिक उपलब्धियों के बावजू न पंजाब ने उन्हें टिकने दिया न हिमाचल ने । बंगाल के बाद कर्नाटक ने भी माननीय मोदी जी को खारिज कर दिया । राजस्थान,छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश पहले ही 2018 में मोदी जी को खारिज कर चुके थे । भाजपा ने जैसे-तैसे विभीषणों के सहारे भाजपा में सत्ता हासिल कर ली लेकिन तीन साल बाद भी प्रदेश में भाजपा की सत्ता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसीलिए माननीय मोदी जी ने मध्यप्रदेश के बीना शहर में अपना पिटारा सबसे पहले खोला और उसमें से कथित रूप से खतरे में पड़ा सनातन धर्म और हजारों करोड़ के खर्चे से समपन्न जी 20 की बैठक की कामयाबी का गुब्बारा निकला। हालाँकि पिटारों से सरी-सर्प ही निकलते हैं लेकिन मै मोदी जी के मुद्दों को सरी-सर्प नहीं कह सकता। ऐसा कहना गलत होगा,क्योंकि मुद्दे तो मुद्दे होते हैं ,फिर चाहे वे सरी-सर्प हों या न हों।

भाजपा से पहले देश में कांग्रेस के पास भी कई बार मुद्दों का अभाव होता रहा लेकिन कांग्रेस के पांच दशक के राज में न धर्म संकट में आया और न किसी बैठक को कामयाबी के तौर पर चुनावों में इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस ने 1971 में पाकिस्तान के टुकड़े जरूर किये ,धर्म के नहीं और उसका फायदा भी कांग्रेस को मिला । भाजपा ने भी कांग्रेस से प्रेरणा लेकर 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक की और उसका लाभ भी उठाया ,लेकिन अब सारे कारतूस चलाये जा चुके हैं। भाजपा सरकार पिछले एक दशक में न पाकिस्तान का कुछ बिगाड़ पायी और न चीन का। भाजपा के भारत के अपने तमाम पड़ौसियों से रिश्ते प्रगाढ़ होने के बजाय और बिगड़ गए। यहां तक की जी -20 समूह के सदस्य चीन से भी अब भारत की अदावत है जबकि चीन से ही भाजपा का भारत सबसे ज्यादा आयात करता है। ये वो ही चीन है जो आज भी लद्दाख में भारत की सैकड़ों किमी लम्बी जमीन पर काबिज है । लेकिन ये कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। मुद्दा तो सनातन धर्म को खतरे में डालने वाला उदयनिधि जैसे पिद्दी नेता का बयान है। खुद महाबली प्रधानमंत्री को अपनी प्रत्यंचा पर उदयनिधि के बयान की काट का बाण चढ़ाना पड़ा है।

देश आगे बढ़ रहा है या पीछे जा रहा है इसे लेकर अब भ्रम की स्थिति है । देश में 80 करोड़ लोगों को दो वक्त का भोजन न मिलना मुद्दा है या जी-20 को वो बैठक जिसकी कामयाबी या विफलता से भारत के आम आदमी का कोई लेना-देना नहीं है । ऐसी बैठकें हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के बजाय एक पांच सितारा होटल में आसानी से हो सकतीं थी । हुईं भी है। भारत से पहले इंडोनेशिया में भी हुई । वहां की सरकार ने तो बैठक की कामयाबी को वोटों में बदलने की कोई कोशिश नहीं की। उससे पहले जिन देशों में जी-20 की बैठकें हुईं वहां न सोने-चांदी के बर्तनों की जरूरत पड़ी और न किसी शहर को बेचिराग करने की जरूरत महसूस की गयी।वहां के किसी प्रधानमंत्री ने अपनी जनता से नहीं पूछा कि -माथा ऊंचा हुआ या नहीं ? सीना चौड़ा हुआ या नहीं ? सत्तारूढ़ भाजपा के पिटारे में सरी-सर्पों के अलावा क्या और बाकी है वो भी गणेश चतुर्थी के दिन होने वाले संसद के विशेष अधिवेशन में सामने आ जाएगा। अभी तो जो सामने आया है उसे देखकर लगता है कि संसद के विशेष सत्र की कोई जरूरत थी ही नही। जिन विधेयकों को पारित करने के लिए संसद का बिना प्रश्नकाल वाला सत्र बुलाया गया है उन सभी को संसद के पिछले सत्र में ही ध्वनिमत से पारित कराया जा सकता था। ये सत्र सिर्फ तमाशे के लिए बुलाया गया लगता है । इस सत्र में हंगामे होंगे,चीखें सुनाई देंगी । अट्टहास किये जायेंगे। उपलब्धियों के ढोल बजाए जायेंगे और इस सत्र के समापन के साथ ही देश में चुनावी बिगुल बजेगा,रणभेरियों की आवाजें सुनाई देंगी ।

**@ राकेश अचल**

# वास्तु, शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा

**दैनिक समाज जागरण**

भगवान विश्वकर्मा को देवशिल्पी यानी की देवताओं के वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। त्रिलोका या त्रिपक्षीय उन्हें त्रिलोका या त्रिपक्षीय युग का भी निमार्ता माना जाता है। साथ ही विश्वकर्मा जी में अपने शक्ति से देवताओं के उड़ान रथ, महल और हथियार का भी निर्माण किया था। यहाँ तक की रावण की लंका और कृष्ण की द्वारका पुरी जगन्नाथ जी का मंदिर और ना जाने कितने शिल्पों को साकार और निर्मित किया था। ये सभी विश्वकर्मा भगवान द्वारा ही बनाया गया था। न सिर्फ स्वर्ग बल्कि उन्हें इस पूरे सृष्टि का निमार्ता माना जाता है। उन्होंने सत्य युग में सोने की लंका जहाँ असुर राज रावण रहा करता था, त्रेता युग में द्वारका शहर, जहाँ श्री कृष्ण थे, द्वापर युग में हस्तिनापुर शहर का निर्माण जो पांडवों और कौरवों का राज्य था।

इन सभी का निर्माण और वास्तु, शिल्प भगवान श्री विश्वकर्मा द्वारा किया गया। विश्वकर्मा पूजा लगभग सभी दफ्तरों और कार्यालयों में मनाया जाता है, परन्तु इंजिनियर, आर्किटेक्ट, चित्रकार, मैकेनिक, वेल्डिंग दुकान वालें, या कारखानों में इसको मुख्य तौर से मनाया जाता है। इस दिन ऑफिस और कारखानों के लोग अपने कारखानों और कार्यालयों की अच्छे से साफ-सफाई करते हैं, और विश्वकर्मा भगवान के मिट्टी की मूर्तियों को पूजा के लिए सजाते हैं। घरों में भी लोग अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, घर और गाडी मोटर की पूजा करते हैं। उत्तर भारत में यह पूजा बड़े उल्लास के साथ मनाई जाती है। इस पूजा में आदि शिल्पकार और वास्तुकार ह्लभगवान विश्वककर्माष की पूजा की जाती है। इस दिन सभी राजमिस्त्री, बुनकर, कारीगर जो लोहे और अन्य धातुओं से वस्तु निर्माण करते है, इंजीनियर, राजमिस्त्री, मजदूर, शिल्पकार, कामगार, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिशियन, टेक्निशियन, ड्राइवर, बढ़ई, वेल्डर, मैकेनिक, सभी औद्योगिक घराने के लोग इस पूजा को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन कारखानों, वर्कशाप की साफ सफाई की जाती है। गुब्बारे, रंग बिरंगे कागजों से कार्यस्थल को सजाया जाता है। औजारों की सफाई, रंगाई पुताई की जाती है। सभी लोग सुबह नहाकर पूजा स्थल पर भगवान विश्वकर्मा की फोटो लगाते हैं। उस परफूल माला चढ़ाते हैं। धूप, दीपक, अगरबत्ती जलाकर उनकी पूरी विधि विधान से पूजा करते हैं। सर्वप्रथम पूजा के समय यह मंत्र बोलकर भगवान विश्वकर्मा का आह्वान करते हैं -ह्यउॐ श्री श्रीष्टिनतया सर्वसिधहया विश्वकरमाया नमो नमःह्व मंत्र का उच्चारण पूरा कर हवन करने के बाद आरती पढ़ते है। फिर सभी को प्रसाद दिया जाता है। सभी कारीगरों को इस पूजा का इंतजार रहता है। इस दिन दुकान या फैक्ट्री में काम नही होता है। सिर्फ पूजा की जाती है। इस पूजा के अगले दिन ष्भगवान विश्वककर्माष की मूर्ति स्थापित की जाती है। फिर भगवान से आशीर्वादमांगते है और कहते है की शिल्प करते समय, कोई भवन, इमारत बनाते समय कोई दुर्घटना न हो। इस दिन श्रम की पूजा भी की जाती है। बिना श्रम के कुछ भी नया निर्माण कर पाना संभव नही है।

शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि भगवान विष्णु की नाभि- कमल से ब्रह्मा जी उपन्न हुए थे। उन्होंने सृष्टि की रचना की। उनके पुत्र धर्म के सातवें पुत्र थे भगवान विश्वककर्मा। उनको जन्म से ही वास्तुकला में महारत प्राप्त थी। इसलिए मनुष्य के जीवन में सदैव विश्वकर्मा पूजा का महत्व है। यदि मनुष्य के पास शिल्प ज्ञान न हो तो वह कोई भी भवन, इमारत नही बना पायेगा। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को ह्यवास्तुशास्त्र का देवताह्व भी कहा जाता है। इनको ह्लप्रथम इंजीनियरह्व, ह्यह्यदेवताओं का इंजीनियरह्व और ह्लमशीन का देवताह्लह्ल भी कहा जाता है।

विष्णुपुराण में विश्वकर्मा को देवताओं का ह्यह्यदेव बढ़ईह्लह्ल कहा गया है। यह पूजा करने से अनेक फायदे है। इससे व्यापार में तरक्की होती है। पूजा करने से मशीन खराब नही होती है। व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होती है। जिस व्यक्ति के पास एक कारखाना होता है, उसके पास अनेक कारखाने हो जाते हैं।



**- सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

## यह देश है उन मतवालों का

यह देश है उन रखवालों का  
आजादी के मातवालों का,  
रखने को शान तिरंगे की  
जिन लोगों ने जान गवांई है।

कोड़े खाए नंगे तन पर  
हर जुल्म फिरंगी का झेला,  
दर - दर भटके भूखे प्यासे  
सीने पर गोली खाई है।

वो पागल थे,दीवाने थे  
आजादी के परवाने थे,  
था इश्क वतन से ही उनको  
प्रेम की रीत निभाई है।

कूद पड़े जो समर भूमि में  
दे दी प्राणों की आहुति,  
अपने शीश की बलि चढ़ा  
वतन की लाज बचाई है।

धन्य - धन्य वो मात हमारी  
धन्य है उनकी गोद के लाल,  
बहा लहू की नदियां फिर  
हमने आजादी पाई है।

जब तक तन में प्राण हमारे  
और रगों में खून है,  
देश की खातिर जीना मरना  
यही शपथ दोहराई है।  
कसम वतन की खाई है।

**बिंदू अग्रवाल शिक्षिका**  
**मध्य विद्यालय गलगलिया।**

## *समय: तब और अब*

चुपके चुपके कैसे समय बदलता है,  
चुपके से ही जीवन परिवर्तित होता है,  
एक रुपये में दस चीजें आती थी,  
अब सौ रुपये में एक चीज ही आती है,  
आज का समय यह ऐसा है ।

आओ मैदान में चलें यार खेलने,  
मित्रों को यह कह के बुलाते थे,  
आनलाइन आओ यार कहकर,  
अब तो इंटरनेट पर बुलाते हैं ।  
आज का समय यह ऐसा है ।

भाई- बहन की चाकलेट  
चोरी करके खा जाते थे,  
अब उनके बच्चों को चाकलेट  
सब ऑनलाइन ही भिजवाते हैं।  
आज का समय यह ऐसा है।

दो मिनट बस दो मिनट माँ,  
तब सबका जीवन ऐसा था,  
अब अलार्म लगाकर सोते हैं,  
आज समय सभी का ऐसा है।  
आज का समय यह ऐसा है।

ज़िद करके चिल्लाना वह,  
अपनी बात मनवाता था,  
अब आँसू आये तो छिपाते हैं,  
जब कुछ ऐसा होता जाता है।  
आज का समय अब ऐसा है।

हम भी इतिहास रचाएँगे,  
जब हम बड़े हो जाएँगे,  
काश फिर बचपन आ जाये,  
अब ऐसा दिल में आता है।  
आज का समय अब ऐसा है।

पहले मिलकर प्लान बनाते थे,  
बहुत समय मिल जाता था,  
अब समय कहाँ है मिलने का,  
पहले प्लान बने फिर मिल पाते हैं।  
आज का समय अब ऐसा है।

तब माता-पिता से डरते थे,  
कि वह नाराज हो जाएँगे,  
माता-पिता रहें सकुशल,  
अब प्रभू से यही मनाते हैं।  
आज का समय अब ऐसा है।

चेहरे की हंसी से गम को भुला दो,  
कम बोलो पर सब कुछ बता दो,  
खुद ना रुठो पर सबको हंसा दो,  
यही राज है इस जिंदगी का,  
जियो और जीना सिखा दो,  
आज का समय अब ऐसा है।

जीवन के इस पड़ाव पर  
आदित्य आज समझ रहे हैं कि,  
चुपके चुपके कैसे समय बदलता है।  
चुपके से ही जीवन परिवर्तित होता है।  
आज का समय अब ऐसा है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य,**  
**लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# साथिया कार्नर में मिलेगा किशोरों की समस्याओं का समाधान

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उत्तर प्रदेश(यूपी),माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित चार दिवसीय आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में 12 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 को आयोजित किया गया।

उत्तर प्रदेश में अभिनव प्रयोग के अंतर्गत प्रदेश के 18 मण्डल मुख्यालयों से चयनित दो इन्टर कॉलेजों के शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उनके मध्यम से विद्यालयों में पढने वाले किशोर-किशोरियों को काउंसलिंग करने हेतु साथिया कॉर्नर की स्थापना किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में साथिया कॉर्नर की स्थापना एवं प्रबंधन के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख विषय के रूप में पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य,शारीरिक चोट एवं लिंग आधारित हिंसा,नशावृत्ति,मानसिक स्वास्थ्य,असंक्रामक बीमारियाँ,जेंडर एवं इंटरनेट तथा सोशल मीडिया रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ मनोज शुक्ल,महाप्रबन्धक आर.के.एस.के. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उत्तर प्रदेश, शिवानी,माध्यमिक शिक्षा परिषद,उत्तर प्रदेश से,सहायक निदेशक, अमित सिंह संयुक्त निदेशक,परिवार कल्याण तथा शिल्पा नायर,राज्य निदेशक, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ मनोज



शुक्ल,महाप्रबन्धक आर.के.एस.के. ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि साथिया कॉर्नर, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एक अभिनव पहल है, यह पहल निश्चित रूप से किशोरों से सम्बन्धित विषयों एवं समस्याओं की काउन्सलिंग के माध्यम से हल व निराकरण करने में सहायक होगा और इसके परिणामों को द्रष्टिगत रखते हुए भविष्य में इस कार्यक्रम का विस्तार होगा।

इस दौरान राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज से किशोरियां एवं राजकीय जुबली इंटर कॉलेज से आये किशोरों ने काउंसलिंग कार्यक्रम की आवश्यकता को बताया,और पहल की सराहना की।किशोरों ने इस सम्बन्ध में टीचर काउंसलर के साथ चर्चा में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की किशोरों से सम्बन्धित सेवाओं के सम्बन्ध में कुछ सुझाव भी दिए। इसमें विद्यालय में लैंगिक असमानता, पोषण,मानसिक स्वास्थ्य,यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य विषयक जानकारी पर नियमित सत्र आयोजित करने हेतु, पेरेंट्स टीचर मीटिंग के दौरान पेरेंट्स के लिए सकारात्मक सत्र/किशोर कल्याण विषयक सत्र आयोजित करने हेतु सुझाव दिया,इसी क्रम में किशोरियों ने कहा कि जिस प्रकार से पैड का वितरण स्कूल में किया जाता है, उसी प्रकार से शत-प्रतिशत वितरण स्कूल न जाने वाली किशोरियों के लिए भी होना चाहिए, साथ ही जेंडर सम्बन्धी विषयक भी जागरूकता के लिए नियमित सत्र होना चाहिए।इन किशोर-किशोरियां हेतु पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया द्वारा उक्त विषयक प्रशिक्षण समय समय पर आयोजित भी किये जा रहे है।

उपस्थित प्रतिभागियों के कहा कि यह कार्यक्रम किशोर-किशोरियों की जिज्ञासा एवं उनकी काउंसलिगं सम्बन्धी आवश्यकता को पूरा करेगा, इस चार दिनों में किशोरों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी मिली है। जोकि भविष्य में इस कार्यक्रम के संचालन में मददगार होगी। उक्त प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉ आनंद अग्रवाल, इन्द्रजीत, रीता बनर्जी, डॉ नीरू वर्मा, ज्ञानेश्वर, ए.के.त्रिपाठी, के साथ साथ पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया से शिल्पा नायर, सौबिक बंदोपाध्याय, अभिषेक पाठक, बलबीर सिंह एवं अमितोष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का भाजपा महानगर कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर का अध्यक्ष घोषित होने के उपरांत आनंद द्विवेदी ने हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और हनुमान जी व सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात आनंद द्विवेदी भाजपा महानगर कार्यालय कैसरबाग पहुंचे इस दौरान युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह,यशवेंद्र सिंह व बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकताओं का काफिला उनके साथ था। कार्यालय पहुंचने पर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग और कार्यकताओं द्वारा ढोल नगाड़े व पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। जबरदस्त आतिशबाजी के साथ नए अध्यक्ष का कैसरबाग कार्यालय पर स्वागत हुआ। महानगर पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठों विभागों के संयोजकों, मण्डल अध्यक्षों तथा पार्षदो द्वारा अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष/सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने आनंद द्विवेदी को अंग वस्त्र व पुष्प कुछ भेंट कर बधाई दी।

महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी ने नए अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने लखनऊ महानगर संगठन में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। लगातार 7 वर्ष 8 महीने लखनऊ अध्यक्ष के रूप में संगठन में अपने दायित्व का सफलता पूर्वक निर्वहन किया है। जनवरी 2016 से लखनऊ महानगर अध्यक्ष



के रूप में लगातार दूसरा कार्यकाल पूरा किया और पार्टी ने उच्च सदन से सदस्य विधान परिषद भी मनोनीत किया है।

मुकेश शर्मा के नेतृत्व में नगर निकाय 2023 चुनाव में भी महापौर ने 2 लाख से अधिक रिकार्ड मतों से विजय हासिल की और सर्वाधिक 80 पार्षद विजयी हुए।

स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आनंद द्विवेदी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश नेतृत्व ने एक समान्य से कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी व सम्मान दिया है इसे कार्यकर्ता, जनता एवं प्रदेश हित मे सदैव सच्चाई, इमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महानगर कार्यालय पर मुख्य रूप से महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, रामऔतार कनौजिया, सुनील यादव, उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, सौरभ बाल्मीकि, महानगर मंत्री आमोद कुमार, लखविन्दरपाल सिंह, अनीता सिंह, संदीप शर्मा, दीपू शुक्ला, बलदेव रामानी, ऋषि शर्मा,अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष विपिन सोनकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गणेश वर्मा सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित रहे । स्वागत कार्यक्रम के उपरांत आनंद द्विवेदी एयरपोर्ट गये और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष चतुर्थ चरण में प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थी अपने आनलाईन आवेदन / विकल्प पत्र दिनांक 20.09.2023 तक संस्थान कार्यालय में कराये जमा।

**समाज जागरण**

जनपदीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य राधा कृष्ण ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपदीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा, बादलपुर, एन.टी.पी.सी. दादरी एवं जेवर की रिक्त सीटों के सापेक्ष चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया अन्तर्गत परिषद कार्यालय लखनऊ द्वारा रउश्ळ पोर्टल पर उपलब्ध करायी गयी वरिष्ठता सूची व अभ्यार्थी के विकल्प के अनुरूप चयन समिति द्वारा व्यवसाय आवंटित किये जायेंगे। अतः इच्छुक अभ्यार्थी द्वारा अपने आनलाईन आवेदन / विकल्प पत्र दिनांक 20.09.2023 तक संस्थान कार्यालय में जमा कराने के उपरान्त दिनांक 21.09.2023 को चयनित सूची संस्थानों के सूचना पटो पर चस्पा करा दी जायेगी। उन्होंने यह भी बताया कि चयनित सूची संस्थानों के सूचना पटो पर चस्पा होने के उपरांत अभ्यार्थी अंतिम तिथि 23.09.2023 तक ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## पोषण के हितधारकों को संवेदनशील बनाने एवं महिला व बाल पोषण के लिए निजी निवेशकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कन्वर्जेंस विभागों व सीएसआर समूह की संयुक्त बैठक हुई संपन्न।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के संबंध में पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दी प्रस्तुतीकरण।

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 15 सितंबर 2023 उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में सितंबर माह को जनपद में राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण के हितधारकों को संवेदनशील बनाने एवं महिला व बाल पोषण के लिए निजी निवेशकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कन्वर्जेंस विभागों एवं सीएसआर समूह की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने एवं महिलाओं व बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए आवश्यकताओं से संबंधित पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया,



जिसमें सीएसआर समूह से यथासंभव सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न कंपनियां से आए प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने व महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए की जाने वाली सुविधा जो की पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से आप लोगों को अवगत कराई गई हैं, उन सभी को अपनी कार्य योजना में सम्मिलित करते हुए सभी सुविधाओं में सीएसआर फंड के माध्यम से सहयोग करना सुनिश्चित करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित अनेक उद्योगों के सीएसआर प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# हर विधाओं से बनाई भगवान गणेश की 10 हजार पेंटिंग्स, 'वर्ल्ड रिकॉर्ड' में नाम दर्ज, BJP सासंद बोले 'सनातन धर्म' का मान बढ़ाया

नई दिल्ली. भगवान श्री गणेश की अलग-अलग विधाओं में 10,000 से ज्यादा पेंटिंग बनाने वाले




राजेश कुमार ने वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है. चित्रकार राजेश ने कोरोना काल में ही 2000 पेंटिंग बना डाली. इन सब विधाओं के चलते अब राजेश कुमार का वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया है जिसके सम्मान में दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में ह्यगवार्नुभूतिह्व नाम से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी और रमेश बिधूड़ी ने कलाकार राजेश कुमार को सम्मानित भी किया.

भगवान श्री गणेश की अलग-अलग विधाओं में कोरोना काल के दौरान राजेश कुमार ने गणेश जी की 2000 से अधिक पेंटिंग बनाई है. इसमें से 719 ऐसी पेंटिंग्स है जिनको अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के द्वारा अवार्ड दिया गया है.

इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और उत्तर पूर्वी लोकसभा से भाजपा सांसद तिवारी ने कहा कि चित्रकार राजेश ने सनातन धर्म का मान बढ़ाया है. उनको पद्मश्री से सम्मानित किया जाए, इसके लिए वह प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे. आगामी 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी है. उनकी इन पेंटिंग को लेकर एक प्रदर्शनी भीं आयोजित की गई है.

दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बताया कि हमारे देश में इस तरह की प्रतिभा दबकर रह जाती थी. उनको ख्याति और पहचान नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में ऐसे लोगों को खोज कर सम्मानित किया जा रहा है. बिधूड़ी ने कहा राजेश ने सनातन धर्म का मान बढ़ाया है. उनको पद्म श्री से सम्मानित किया जाए, इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे.

वहीं, भगवान गणेश की अलग-अलग विधाओं में पेंटिंग बनाने वाले राजेश कुमार ने बताया कि अकेले कोरोना काल के दौरान में गणेश जी की 2000 से अधिक पेंटिंग बनाई है, जो रिकॉर्ड में 719 दर्ज हुई हैं. करीब 150 से ज्यादा मैटेरियल का प्रयोग करके भगवान श्री गणेश की पेंटिंग बनाई गई हैं. पेंटिंग्स ने वर्ल्ड बुक, इंडिया बुक और एशिया बुक में अपना रिकॉर्ड बनाया है. वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर उन्होंने कहा कि जब कोई मुकाम हासिल होता है तो खुशी होती है. आगे काम करने की प्रेरणा मिलती है. वह 1981 से पेंटिंग बनाते आ रहे हैं. अब तक वह भगवान श्री गणेश की 10,000 से ज्यादा पेंटिंग बना चुके हैं.

साहित्य प्रेमी मंडल और मास्टर टेक्सटाइल्स ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भव्य अभिनंदन कार्यक्रम गवार्नुभुति एवं विराट कवि सम्मेलन का संयोजन पंकज शर्मा एवं सुशील पांचाल और संचालन अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ प्रवीण शुक्ल ने किया. इस अवसर पर भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन, आप विधायक कुलदीप, पूर्व विधायक नसीब सिंह व एन डी शर्मा, डीसीपी आईपीएस एसके गौतम, मुखिया गुर्जर, पद्मश्री महाबली सतपाल, अरुण शर्मा, निरंजन त्यागी, शशि पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुरिंदर वर्मा, छैलेश चौधरी, बीएमएस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीश मिश्रा, स्वदेशी जागरण मंच के मनोज गुप्ता, अशोक बंसल, निर्दोष शर्मा, आदेश शर्मा, सुरेश पाल जसाला, नमन जैन, हितेश कुमार आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही. इस अवसर पर कॉसमॉस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए. वहीं, कल्पना शुक्ला व पी के आजाद ने कविताओं के माध्यम से बधाई दी.

# इण्डियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'इन्फ्राबिल्ड समिट-2023'

**प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उ0प्र0 में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए, आज राज्य ह्यनए भारत के नए उ0प्र0ह्व के रूप में भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बना है: मुख्यमंत्री**

**राज्य सरकार ने 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बनाई, आज देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म निवेश मित्र प्रदेश में**

**प्रदेश की पहचान एक्सप्रेस-वे स्टेट के रूप में हो रही, ईस्टर्न तथा वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने उ0प्र0 में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाया**

**प्रदेश में हाउसिंग के क्षेत्र में अनेक सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया गया**

**देश का पहला इन्लैण्ड वॉटर-वे जनपद वाराणसी से हल्दिया के मध्य प्रारम्भ**

**देश की आबादी का हर पांचवा व्यक्ति उ0प्र0 में निवास करता, यह देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तथा श्रम बाजार**

**प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, लेकिन उ0प्र0 इससे भी बड़ा बाजार, पड़ोसी राज्यों तथा नेपाल राष्ट्र की बड़ी आबादी अपने रोजगार तथा व्यापार के लिए उ0प्र0 पर निर्भर**

**सभी उद्यमी उ0प्र0 को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते, प्रदेश सरकार इसमें हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर**

**मुख्यमंत्री ने इण्डियन स्टील एसोसिएशन तथा डेलॉयट इण्डिया द्वारा बनायी गई नॉलेज रिपोर्ट ह्यअनलॉकिंग स्टील पोटेंशियल इन इण्डियन बिल्डिंग एण्ड कन्सट्रक्शन इण्डस्ट्रीह्व को जारी किया**

लखनऊः 15 सितम्बर, 2023

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। आज राज्य ह्यनए भारत के नए उत्तर प्रदेशह्व के रूप में भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बना है। उत्तर प्रदेश देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। राज्य ने ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में एक लंबी छलांग लगाई है। प्रदेश में निवेश की सम्भावनाओं को साकार करने के लिए कानून-व्यवस्था की स्थापना के साथ ही, सुरक्षा का वातावरण बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप विगत 06 वर्षों में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। कहीं किसी प्रकार की कोई अराजकता नहीं है। सभी पर्व और त्योहार शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी आज यहां इण्डियन स्टील एसोसिएशन द्वारा आयोजित ह्यइन्फ्राबिल्ड समिट-2023ह्व के शुभारम्भ के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने इण्डियन स्टील एसोसिएशन तथा डेलॉयट इण्डिया द्वारा बनायी गई नॉलेज रिपोर्ट ह्यअनलॉकिंग स्टील पोटेंशियल इन इण्डियन बिल्डिंग एण्ड कन्सट्रक्शन इण्डस्ट्रीह्व को जारी किया। मुख्यमंत्री जी ने इण्डियन स्टील एसोसिएशन द्वारा इन्फ्राबिल्ड समिट का आयोजन देश में सर्वाधिक संभावनाओं वाले प्रदेश उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। ज्ञातव्य है कि शुभारम्भ सत्र की थीम ह्यट्रांसफार्मिंग कंसट्रक्शन एण्ड इन्फ्रा लैण्डस्केप-एक्सीलेरेटिंग ग्रोथ इन उत्तर प्रदेश एण्ड उत्तराखण्डह्व थी।

मुख्यमंत्री जी ने देश की सर्वाधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में सभी उद्यमियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म निवेश मित्र प्रदेश में है। राज्य सरकार ने 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बनाई है। प्रदेश सरकार के साथ होने वाले किसी भी एम0ओ0यू0 की निगरानी के लिए निवेश सारथी पोर्टल कार्य कर रहा है। किसी भी निवेशक द्वारा किए गए निवेश के लिए शासन से मिलने वाले इन्सेन्टिव के लिए भी प्रदेश सरकार ने ऑनलाइन व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश आज इन सभी कार्यक्रमों की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रदेश है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की आबादी का हर पांचवा व्यक्ति उत्तर प्रदेश में निवास करता है। प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है। यह देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तथा श्रम बाजार है। विगत 06 वर्षों में उत्तर प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के अनेक कार्य हुए हैं। प्रदेश में 13 वर्तमान या प्रस्तावित एक्सप्रेस वे हैं। इससे उत्तर प्रदेश की पहचान एक्सप्रेस-वे स्टेट के रूप में हो रही है। सभी एक्सप्रेस-वे निर्धारित समय सीमा में बनाए गए हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रारम्भ होने के कुछ ही समय बाद सदी की सबसे बड़ी महामारी आई थी। इसके बावजूद समय से राजधानी लखनऊ को राज्य के पूर्वी अंचल से जोड़ने के लिए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया था। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनने के बाद अब लखनऊ से पटना की यात्रा 05 घण्टे में पूरी की जा सकती है। एक्सप्रेस-वे के माध्यम से दिल्ली से पटना 09 घण्टे में पहुंचा जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र उत्तर प्रदेश का आर्थिक रूप से सबसे विपन्न क्षेत्र माना जाता था। यह बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से जुड़ चुका है। आज दिल्ली से चित्रकूट की यात्रा 05 घण्टे में पूरी की जा सकती है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे बुन्देलखण्ड के सभी जनपदों को आपस में जोड़ता है। प्रदेश में जनपद मेरठ से प्रयागराज के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे पर तेजी के साथ कार्य चल रहा है। वर्तमान में मेरठ से प्रयागराज जाने में 12 से 14 घंटे लगते हैं। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद इस दूरी को मात्र 06 घण्टे में पूरा किया जा सकेगा। वर्ष 2025 तक गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य पूरा हो जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रदेश में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में नए एक्सप्रेस-वे के साथ विकास के कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की इण्टर स्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। नेपाल से जुड़ी हुई प्रदेश की 570 किलोमीटर की सीमा के साथ ही, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड तथा दिल्ली से जुड़ी कनेक्टिविटी को फोरलेन में बदलने का कार्य किया गया है। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों को फोरलेन से जोड़ा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट के कार्य किए गए हैं। प्रदेश में 04 लाख किलोमीटर सड़कों के पूरे तंत्र को सुदृढ़ करने का कार्य किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में भारतीय रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क है। ईस्टर्न तथा वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश से गुजरते हैं। इसने उत्तर प्रदेश में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। दोनों डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन उत्तर प्रदेश के दादरी में है। यहां पर मल्टी मोडल लॉजिस्टिक हब के निर्माण तथा बोडाकी में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब की स्थापना का कार्य भी युद्धस्तर पर आगे बढ़ चुका है। देश का पहला इन्लैण्ड वॉटर-वे जनपद वाराणसी से हल्दिया के मध्य प्रारम्भ हो चुका है। जनपद वाराणसी में मल्टी मोडल टर्मिनल की स्थापना की कार्रवाई भी युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाई जा चुकी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो चुकी है। वर्ष 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। वर्तमान में प्रदेश में 09 एयरपोर्ट पूरी तरह क्रियाशील हैं। इनमें तीन इण्टरनेशनल एयरपोर्ट शामिल हैं। इस वर्ष के अंत तक प्रदेश में 10 नए एयरपोर्ट क्रियाशील कर दिए जाएंगे, जिनमें जनपद अयोध्या तथा एन0सी0आर0 में नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट दो नए इण्टरनेशनल एयरपोर्ट भी शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में हाउसिंग के क्षेत्र में भी अनेक सम्भावनाओं को आगे बढ़ाया गया है। प्रदेश सरकार ने भारत सरकार के सहयोग से 55 लाख गरीब परिवारों को एक-एक आवास विगत 06 वर्षों में उपलब्ध कराए हैं। उत्तर प्रदेश ह्यएक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की दिशा में आगे बढ़ चुका है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी उद्यमी प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। प्रदेश सरकार इसमें हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर है। आज इण्डियन स्टील एसोसिएशन प्रदेश की संभावनाओं आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश आपके हर सुझाव का स्वागत करेगा तथा इसमें पूरा सहयोग करेगा। इस क्षेत्र में अनेक निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में अच्छा कार्य किया है। इनमें भूषण स्टील, गैलेंट स्टील, रिमझिम स्टील तथा अंकुर उद्योग सहित अनेक नए निवेशक उत्तर प्रदेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश के श्रम बाजार तथा उपभोक्ता बाजार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी उद्यमियों का सहयोग मिलेगा। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है, लेकिन उत्तर प्रदेश इससे भी बड़ा बाजार है। पड़ोसी राज्यों की बड़ी आबादी तथा नेपाल राष्ट्र की बड़ी आबादी अपने रोजगार तथा व्यापार के लिए उत्तर प्रदेश पर निर्भर है। मुख्यमंत्री जी ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए जाने वाले निवेश को प्रदेश सरकार पूरी सुरक्षा देगी तथा अपना सहयोग भी देगी।

इस अवसर पर इण्डियन स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री दिलीप ओमेन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है। इसमें उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य के विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। भारत को 05 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य की इकोनॉमी को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने का संकल्प लिया है। निर्माण उद्योग के लिए स्टील मुख्य भूमिका निभाता है। उत्तर प्रदेश तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था है। यहां स्टील उपयोगकर्ता तथा स्टील उत्पादनकताओं की दृष्टि से स्टील उद्योग के लिए अनेक सम्भावनाएं हैं।

इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्दगोपाल गुप्ता ह्यनन्दीह्व, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह, सलाहकार मुख्यमंत्री श्री अवनीश कुमार अवस्थी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के चेयरमैन श्री अमरेन्दु प्रकाश, जे0एस0डब्ल्यू0 के जे0एम0डी0 श्री जयन्त आचार्य, टाटा स्टील लॉंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एम0डी0 श्री आशीष अनुपम सहित उद्यमी उपस्थित थे।

## वाहन चेकिंग अभियान के तहत चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- बिहार के गया ज़िले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आशा सिंह मोड़ के समीप स्थानीय रामपुर थाना की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की दो बाइक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया है.इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कहे . उन्होंने आगे कहा कि



रामपुर थाना के थानाध्यक्ष के नेतृत्व में रामपुर के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा आशा सिंह मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे, इसी क्रम में चोरी की दो बाइक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है.चोरी की दो अलग-अलग स्पीड बाइक एक प्लसर तो दूसरा एफजेड ब्लैक बाइक के साथ पकड़े गए अपराधियों में अभिषेक कुमार उर्फ गोलू पिता शत्रुघ्न शर्मा ग्राम सदीपुर डिहरी थाना ओबरा ज़िला औरंगाबाद, सोनल कुमार उर्फ भुन पिता पप्पू शर्मा ओबरा डिहरी थाना,संतन कुमार पिता नवलेश शर्मा ग्राम खैरा मोहन थाना गोह ज़िला औरंगाबाद समेत बंचन कुमार पिता जितेंद्र शर्मा ग्राम खैरामोहन थाना गोह ज़िला औरंगाबाद शामिल हैं. उन्होंने आगे कहा कि पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग में अपराधियों के साथ पकड़े गए बाइक पटना ज़िले के परसा से चोरी की गई थी। उक्त मामले में परसा थाने 119/23 एवं 138/23 केस दर्ज हैं.सिटी एसपी हिमांशु ने कहा कि रामपुर थानाध्यक्ष रवि कुमार समेत टीम में शामिल रामपुर थाना के दीपक प्रसाद, राजीव कुमार, सुशील कुमार, पूजा कुमारी चालक सह सिपाही पप्पू राय पुरस्कृत किए जाएंगे.सिटी एसपी ने कहा कि जनवरी से अब तक रामपुर थाना के थाना अध्यक्ष रवि कुमार के नेतृत्व में रामपुर पुलिस टीम ने ज़िले में सबसे ज्यादा अब तक चोरी गई 68 बाइक की बरामदगी किया है.

## केंद्र और राज्य के अन्यायपूर्ण रवैये के खिलाफ संसद में सवाल उठाने को किसानों नें औरंगाबाद सांसद से लगाई गुहार।

**दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार मिश्रा बिहार झारखंड प्रदेश**

भारतमाला परियोजना के तहत निर्माण हो रहे वाराणसी कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में अधिगृहित हो रहे जमीनों को लेकर बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले के किसान काफी हताश और निराश हैं। किसानों का मानना है कि जमीन के बदले मिलने वाला मुआवजा बेहद ही कम है और इसके लिये जिम्मेदार केंद्र और राज्य की दोनों सरकारें हैं।

उचित मुआवजे को लेकर किसान अपनी बात सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाना चाहते हैं। इसी बाबत किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय कल किसानों के शिष्टमंडल के साथ औरंगाबाद लोकसभा के सांसद सुशील सिंह से मिले और अपनी समस्याओं को लेकर सदन में सवाल उठाने का आग्रह किया।

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय नें बताया कि जिस एमवीआर के हिसाब से हमलोगों को मुआवजा मिलना तय किया जा रहा है उसे पिछले आठ वर्षों से अपडेट ही नहीं किया गया है अर्थात आठ साल पुराने भाव से हमें आज मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें वर्तमान बाजार भाव के हिसाब से मुआवजा मिलना चाहिये जबकि दिया जा रहा एमवीआर के हिसाब से जो बेहद ही कम है। इस एमवीआर का खेल राज्य और केंद्र की दोनों सरकारें मिलकर किसानों के साथ खेल रही हैं जिसमें किसान मारा जा रहा है। अगले सवाल पर चर्चा करते हुए समिति के अध्यक्ष नें बताया कि अधिग्रहण हो रहे भूमि में पैंतीस प्रतिशत भूमि लगभग आवासीय भूमि है जिसका मुआवजा आवासीय के दर पर मिलना चाहिये लेकिन सरकार किसानों के प्रति बदनीयती दिखाते हुए सभी जमीनों का मुआवजा भीठ धनहर का देना चाह रही है।

दिल्ली कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का उदाहरण



देते हुए अध्यक्ष नें कहा कि जब एक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में हरियाणा के किसानों को अलग अलग प्रकार के जमीनों के बदले अलग अलग मुआवजा दिया जा सकता है तब बिहार के किसानों के साथ यह भेदभाव क्यों ?

अध्यक्ष ने कहा दिल्ली कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे में हरियाणा के किसानों को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की एक एकड़ भूमि के बदले एक करोड़ बेरासी लाख चालीस हजार रु मुआवजा दिया गया है जबकि बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की भूमि के बदले लगभग पैंतीस लाख रु प्रति एकड़ दिया जा रहा है।

मौके पर उपस्थित किसान संघर्ष समिति के सचिव जगत सिंह नें किसानों पर हो रहे जुल्म को लेकर बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद केंद्र और राज्य की सरकारें मालिक गैरमजरूआ भूमि का मुआवजा किसानों को नहीं देना चाह रही हैं। जगत सिंह नें औरंगाबाद में पूर्व में एनटीपीसी हेतु हुए भूमि अधिग्रहण का हवाला देते हुए इस बात को भी संसद के पटल पर रखने का आग्रह किया कि जब एनटीपीसी में जमीन देने वाले किसानों को अच्छी मुआवजा के साथ आज भी जमीन के हिसाब से प्रतिवर्ष बोनस दिया जा रहा है और उसी जिले के किसानों को दूसरी जमीन के बदले बोनस क्यों नहीं दिया जा सकता ?

किसानों के शिष्टमंडल नें भूमिहीन हो जा रहे किसानों के लिये पुनर्वास और रोजगार तो विथापित हो रहे दलित परिवारों के लिये भी पुनर्वास रोजगार पर सवाल उठाने के लिये सांसद से आग्रह किया। किसानों ने शर्त के आधार पर एक यह भी सवाल उठाने का आग्रह सांसद से किया कि यदि भविष्य में कोई सरकार इस सड़क को बेच देती या निजीकरण करती है तब सरकार उन्हें दुबारा से मुआवजा और दो गुणा बोनस दे। इस मौके पर किसान विकास कुमार सिंह, विजय पांडे, भोला पांडे, राजेश्वर पांडे, प्रेम पांडे, श्रीकांत पांडे, राजेंद्र तिवारी, पंकज तिवारी, बैजनाथ तिवारी आदि उपस्थित थे। उपरोक्त आशय की जानकारी किसान संघर्ष समिति के संयोजक राजकुमार कुमार सिंह नें दी है।

## स्वास्थ्य केंद्र गोह में सघन मिशन इंद्रधनुष का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)प्रखंड मुख्यालय गोह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार से शनिवार तक मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव चंद्र ने बताया कि यह अभियान तीन चरण में चलेगा। जिसमें सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान प्रथम चरण में 11 से 16 सितंबर तक चलेगा। टीकाकरण से जो भी बच्चा या गर्भवती महिलाएं वंचित हैं, उन्हें हर हाल में मुक्त करना है। 0 से 2 साल के बच्चों के बीच 486 का लक्ष्य रखा गया। वहीं अढ़ाई साल से 5 साल के बच्चों के बीच में 60 बच्चा को मुक्त करना है तथा 189



गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण व जांच की सुविधा दी जाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य रूप से क्षेत्र में वैसे बच्चें जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। उन्हें मिशन इंद्रधनुष के तहत टीका लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस टीका के बाद बच्चों में चेचक , टीवी, निमोनिया , पोलियो , दिमागी बुखार तथा अन्य बीमारियों की रोकथाम के लिए कारगर साबित होता है।इसके लिए गोह क्षेत्र के दरधा,मलहद, भुरकुंडा, झिकटीया, हमीदनगर, चापुक, कुड़वां , घेजना, शेखपुरा सहित कई अन्य क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर टीकाकरण किया जा रहा है। इस मौके पर यूनिसेफ ब्लॉक कोऑर्डिनेटर (BMC) बब्लू चौधरी,सीता सुंदरी, गिरजा कुमारी, फुलवंती कुमारी, वीणा कुमारी, पल्लवी कुमारी, दुर्गावती कुमारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## 10 लीटर शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर गुरुवार को देवहरा बाजार से पूरब छोटकी पुल के समीप पुलिस ने वाहन को जांच किया तो बाइक के पीछे प्लास्टिक की बोरे में रखा 5 - 5 लीटर का दो पोलीथिन में बंधा कुल दस लीटर देसी शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर थाना लाया है। प्रभारी थानाध्यक्ष श्रीपति मिश्र ने बताया कि सूचना के आधार पर बाइक सवार शराब धंधेबाज की



पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के धुसरी गांव निवासी सुजीत चौधरी के रूप में हुई है। तलाशी के क्रम में शराब धंधेबाज की बाइक से 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया। शराब धंधेबाज की बाइक भी जब्त की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में ए एस आई विकाउ राम के बयान पर कांड संख्य 307/23 दर्ज किया गया है। पुलिस गिरफ्तार शराब धंधेबाज को शुक्रवार को जेल भेज दी है।

## विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से भेंटकर संस्था के कार्यों की दिया जानकारियां .

***भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विप्र फाउंडेशन के कार्यों को सराहा.**

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया( बिहार )- बीती शाम दिल्ली स्थित भारत के राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से विप्र फॉउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की और उन्हें संस्था के विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में अवगत कराया. जयपुर में निमार्णाधीन सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च श्री परशुराम ज्ञानपीठ, अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम जी की दिव्य मूर्ति प्रतिष्ठा प्रकल्प, उदयपुर के स्वामी आत्मानंद सरस्वती विप्र लेक सिटी कॉलेज, सूरत के विप्र गौरव भवन, कोलकाता के केसर कुंज, वैद्य पंडित रामनारायण शर्मा



विप्र उच्च शिक्षा सहयोग योजना, लालसोट की आदि शंकर ई-लाइब्रेरी, चंदादेवी गायत्रीदेवी कन्या विवाह शगुन योजना सहित विप्र फाउंडेशन की शिक्षा, संस्कार और रोजगारमूलक गतिविधियों को राष्ट्रपति जी ने बड़े मनोयोग से सुना और सराहना किया.ओडिशा के महेन्द्रगिरि पर्वत पर स्थित परशुराम विश्राम स्थल सहित देश के विभिन्न भागों में स्थित परशुराम तीर्थ के उन्नयन हेतु विप्र फाउंडेशन ने राष्ट्रपति जी से सहयोग और आशीर्वाद की अपील की.राष्ट्रपति भवन पहुंचे इस प्रतिनिधि मंडल में विप्र फॉउंडेशन के संरक्षक जगदीश मिश्रा भुबनेश्वर, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ सुनील शर्मा सीए मुम्बई, ओडिशा प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा रायरंगपुर, कमल शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष दिल्ली, गजानंद शर्मा भुबनेश्वर शामिल थे. इस अवसर पर राष्ट्रपति जी को विप्र फॉउंडेशन की तरफ से पुष्पगुच्छ, विफा का दुपट्टा, विफा की जानकारी हेतु विस्तृत प्रोफाइल और आध्यात्मिक पुस्तक एवम सम्मान चिन्ह भेंट किया गया .आशा है निकट भविष्य में राष्ट्रपति जी विप्र फाउंडेशन के किसी भी एक सेवा मूलक कार्य में अवश्य पधारेंगी. उक्त जानकारी संस्था के प्रदीप शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहे.

## गया के जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार लगाकर ढाई सौ फरियादों को सुनकर त्वरित कार्रवाई करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिया निर्देश.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- जनता दरबार स्थगित रहने के बावजूद समाहरणालय में कई व्यक्तियों को आए देखते हुए जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने जनता दरबार लगाकर ढाई सौ से अधिक फरियादों को सुनकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया. को उनकी समस्याओं को सुना है.कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास , मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं। जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त



कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम सात दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी,पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिसपर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार के सुनवाई में आपदा विभाग के तहत विभिन्न लंबित आवेदन के विरुद्ध जांच करते हुए जिला आपदा पदाधिकारी उसे तेजी से अनुपालन करवाये। बिजली विभाग के बिजली बिल ज्यादा आने, घर का बिजली कनेक्शन जोड़ने सहित अन्य मामले पर जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता बिजली पदाधिकारी को प्राप्त आवेदनों को जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बिल ज्यादा आना तथा एवरेज बिल आना इत्यादि के मामले ज्यादा आ रहे हैं, जिला पदाधिकारी ने कहा कि उस एरिया के संबंधित जे०ई० से जांच करवाएं तथा खराब बिजली मीटर को बदलवाने का कार्य करे। जहां भी ज्यादा बिल आने की शिकायत है उसे जांच करवाकर मीटर बदले। गुरारू के मलपा आहार के समीप नाला का निर्माण में अनियमितता को लेकर जिला पदाधिकारी ने लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता को स्थल जांच करने का निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अतरी के सहोडा में फाइन की सफाई हेतु सामूहिक आवेदन देने पर जिला पदाधिकारी ने लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता को जांच करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिए हैं। तेतर पंचायत के ग्रामीण ने फसल बीमा नहीं मिलने की आवेदन पर जिला पदाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र भेजते हुए विस्तार से जांच करवाने का निर्देश दिए हैं। जनता दरबार में बेला अंचल के आए फरियादी ने अतिक्रमण नहीं हटाने के संबंध में जिला पदाधिकारी को अवगत कराया जिला पदाधिकारी ने अंचल अधिकारी बेल को अतिक्रमण हटाने में रुचि लेने का निर्देश दिए हैं.

## जज की पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण सत्यदेव सिंह प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरूखिया - दाउदनगर मुख्य पथ के समीप निमार्णाधीन रिसोर्ट को देखने गई जज की पत्नी के उपर दबंगों के द्वारा गोली बारी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें थाना क्षेत्र के पचरुखिया स्थित धमनी गांव निवासी जज साहब की पत्नी सफलता कुमारी ने लिखित आवेदन हसपुरा थाना को दी थी। जिसमें हसपुरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के उच्छाहल बिगहा गांव निवासी अमरेन्द्र कुमार उर्फ मुनमुन यादव के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के मामला दर्ज किया था । इसी मामले में गुरुवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष अजय शंकर ने बताया कि आरोपित के खिलाफ कांड संख्या 251/23 के तहत आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। जिसमें उच्छाहल बिगहा गांव निवासी अमरेंद्र कुमार उर्फ मुनमुन को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है।वहीं पुलिस सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## हिंदी दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सह अप्पू आर्ट के निर्देशक को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने किया सम्मानित.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया मगध प्रक्षेत्र के जहानाबाद में हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान अप्पू आर्ट के निर्देशक अजय कुमार विश्वकर्मा को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अंग वस्त्र पुष्प का माला पहनाकर एवं सम्मानित पत्र देकर सम्मानित किया. पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि हिंदी हम सबों के



लिए मातृभाषा है. हम लोगों को अपने भाषा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है. सम्मानित समारोह के दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## गौरवपूर्ण व उत्साहवर्द्धक हैं शब्दाक्षर बिहार की साहित्यिक उपलब्धियाँ: पद्मनाभ

### - हिन्दी पखवाड़े के मौके पर देशभर में हो रहे शब्दाक्षर साहित्यानुष्ठान : डॉ रश्मि

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- शब्दाक्षर बिहार की जहानाबाद जिला इकाई की अध्यक्षा सावित्री सुमन को हिन्दी दिवस पर आयोजित एक सम्मान समारोह में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम माँझी ने अंगवस्त्र, पुष्पमाला, दैनन्दिनी एवं लेखनी प्रदान कर सम्मानित किया.शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह व समस्त शब्दाक्षर परिवार की ओर से श्रीमती सुमन को बधाइयाँ देते हुए उनके एवं जहानाबाद इकाई के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.श्रीमती सुमन की साहित्यिक सक्रियता पर प्रसन्नता जताते हुए शब्दाक्षर बिहार के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र 'पद्मनाभ' ने इसे प्रदेश इकाई के लिये अत्यंत गौरव का विषय बतलाया.श्री पद्मनाभ ने कहा कि 10 सितंबर को गया में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि के चौथे काव्य-संग्रह "उस पार क्षितिज के जाना है' के लोकार्पण समारोह के साथ हुए शब्दाक्षर काव्यानुष्ठान में गया के प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्थानों एवं शब्दाक्षर बिहार प्रदेश की गया,



जहानाबाद, औरंगाबाद, नवादा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर आदि जिला इकाइयों से आये जाने-माने कवियों ने अपनी रचनाएँ पढ़ीं, जो शब्दाक्षर की एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि है. श्री पद्मनाभ ने शब्दाक्षर बिहार की साहित्यिक उपलब्धियों को गौरवपूर्ण एवं उत्साहवर्द्धक बताया.डॉ रश्मि ने शब्दाक्षर द्वारा बिहार में चलायी जा रही साहित्यिक गतिविधियों पर खुशी जताते हुए कहा कि हिन्दी पखवाड़े के तहत संपूर्ण भारतवर्ष में शब्दाक्षर की विभिन्न प्रदेश एवं जिला समितियों द्वारा साहित्यानुष्ठान किये जा रहे हैं. साहित्यिक कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में आगामी 17 सितंबर को भारत भवन, शक्ति ज्ञानपीठ विद्यालय,आजमगढ़ में 12.30 बजे से शब्दाक्षर जिला समिति आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) द्वारा आजमगढ़ जिलाध्यक्ष डॉ अंकुर सहाय श्रीवास्तव अंकुर एवं सचिव हँसमुख आर्यावर्ती के नेतृत्व में "हिन्दीः कल, आज और कल" विषय पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है. इसमें शब्दाक्षर पंच प्रदेश प्रभारी (उप्र) व प्रसिद्ध कवि ओमपाल सिंह निडर एवं शब्दाक्षर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रसिद्ध हास्य कवि श्यामल मजूमदार भी शिरकत करेंगे.

## मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारत चीन सीमा पर शहीद जवान रोशन कुमार की पैतृक आवास केसपा में मंत्र उच्चारण के साथ तृतीय श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

टिकारी (गया बिहार) - मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारत- चीन सीमा पर अरुणाचल प्रदेश में तीन वर्ष पूर्व केसपा गांव का लाल रोशन कुमार शहीद हो गया था. आज उसके केसपा स्थित पैतृक आवास पर धार्मिक मंत्रोंच्चारण के साथ तृतीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस श्रद्धांजलि सभा में शहीद के परिवारजनों, ग्रामीणों एवं बड़ी संख्या में आसपास के गांव के लोग एवं जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से शहीद जवान के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया. स्थानीय समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कहा है कि, रौशन कुमार की शहादत के उपरांत गांव में जन सैलाब उमड़ पड़ा था, एवं नेताओं द्वारा वादों की झड़ी लगा दी गई थी, लेकिन अफसोस है कि आज भी वादे अधूरे है. तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक अभय कुशवाहा एवं बिहार सरकार के मंत्री



प्रेम कुमार ने शहीद के सम्मान में शहीद द्वार का निर्माण, परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं गांव के विद्यालय और स्टेडियम का नामकरण शहीद के नाम पर करने की घोषणा किया था,लेकिन एक भी वादा पूरा नही हो सका है.ग्रामीणों के सहयोग से शहीद की आदमकद प्रतिमा लगाई गई,एवं प्रतिवर्ष शहादत दिवस पर उनकी शहादत को याद किया जाता है. शहीद जवान रोशन कुमार की स्मृति में प्रतिवर्ष गांव में वॉलीबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जाता है. आज इस श्रद्धांजलि सभा में शहीद के पिता नागेन्द्र शर्मा, माता संजू देवी, भाई आलोक कुमार, समाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, मुखिया प्रतिनिधि अमिताभ कुमार, सरपंच प्रतिनिधि राहुल कुमार, डॉ गिरजेश नन्दन शर्मा, पूर्व जिला पार्षद सतेन्द्र नारायण,जिला पार्षद सुरेश यादव, सुनील पाठक, बंटी यादव,अनिल यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## हत्या के जुर्म में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

दैनिक समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ बिहार - झारखंड प्रदेश।

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे प्रथम पंकज मिश्र ने जम्होर थाना कांड संख्या -32/20 में शुक्रवार को सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए भादंवि धारा 302 ओर 201 में 05/09/23 को दोषी ठहराए गए अभियुक्तों को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी रविंद्र कुमार ने बताया कि अभियुक्त कपिल पासवान मखरा जम्होर, सुनील पासवान मगरहीया बारूण को भादंवि धारा 302 में आजीवन कारावास और पचास हजार जुमार्ना लगाया है। वही भादंवि धारा 201 में तीन साल की सजा और बीस हजार जुमार्ना लगाया है,इस अवसर पर अधिवक्ता रामनरेश प्रसाद और



शिवपूजन पासवान उपस्थित थे। उपरोक्तास की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी के सूचक रुदल पासवान मखरा जम्होर ने 12/06/20 को प्राथमिकी में कहा था कि उनका बारह साल का लड़का सुरज कुमार क्रिकेट देखने गया था सुबह में उसकी लाश पास के खेत में मिली, उसके गर्दन पर काले निशान थे उसका पोस्टमार्टम कराया गया था ,संदेह के आधार पर गांव के कुछ लड़के को नामजद किया था, थानाध्यक्ष जम्होर शमीम अहमद ने अनुसंधान के क्रम में घटनास्थल से गैर नामजद कपिल पासवान का वोटर कार्ड जप्त कर नये सिरे से जांच कर कपिल पासवान और सुनील पासवान पर आरोप पत्र 31/07/20 को न्यायालय में पेश किया था दोनों अभियुक्त आपस में सार बहनोई है

## नबीनगर से चार एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 15 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से अलग अलग गांव में छापा मारकर चार एनबीडब्लयू वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने बताया कि चारो अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत था ये सभी फरार चल रहे थे।।पुलिस द्वारा बताया गया कि बारा गांव से सुदय मिस्त्री पिता नौरंगी मिस्त्री को,बाघी गांव से सूरजमल पासवान पिता हीरा पासवान को,ग्राम पांडेपुरा से मंगल कुमार पिता रामाश्रय सिंह को और ग्राम खरौंघा



से शमशेर अंसारी पिता सरफुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस छापेमारी दल मे नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे,एस आई अरविंद कुमार,एस आई सुदर्शन चौधरी,एस आई पिंकी कुमारी ,ए एस आई तारकेश्वर तिवारी, ए एस आई दीपक कुमार सिंह एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी अभियुक्तों को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस दल गठन कर उनके घरों से गिरफ्तार किया गया है।सभी को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है।

## नबीनगर के अलग अलग क्षेत्रों से पांच शराबी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगावाद)**

नबीनगर (बिहार)15 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से आए दिन शराबियो की गिरफ्तारी की जा रही है वावजूद शराबी शराब पीने से बाज नहीं आ रहे हैं ।एस आई मदन उपाध्याय एवम टीम द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान नवीनगर रोड से नशे की हालत में जयराम बैठा पिता स्वर्गीय बिंद्रा बैठा ग्राम मोहर कर्मा थाना माली जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार किया गया।

इधर ए एस आई दीपक कुमार सिंह एवम टीम द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान नशे की हालत में नंद कुमार तिवारी पिता विश्वनाथ तिवारी ग्राम मुरली बेलाई थाना नबीनगर को गांव से गिरफ्तार किया गया।

उधर नहर किनारे से पुलिस गश्ती के दौरान एस आई अमित कुमार एवम सशस्त्र बल ने नशे की हालात




में मोहम्मद जुबेर आलम पिता मोहम्मद अतिम अंसारी ग्राम शिवराजपुर थाना नबीनगर और सूरजमल कुमार पिता सरवन पासवान ग्राम घोघरा थाना रिसियप को गिरफ्तार किया'।

इधर थाना क्षेत्र के भवानोखाप से सुधीर बंजारा पिता रंजीत बंजारा को गांव से नशे की हालत में पी एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल द्वारा पुलिस गश्ती के दौरान गिरफ्तार किया गया

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी को रेफरल अस्पताल नबीनगर मे शराब पीने की पुष्टि के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# डेंगू मच्छर को निमंत्रण देती नगर पंचायत की खुली नाली।

*डेंगू ज्वर की चपेट में आ सकते हैं आसपास के वासिंदे व व्यवसायी।*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

"हमारे एक इशारे पर उसने चांद-तारे तोड़ कर कदमों में रखने के सपने दिखायें जिसपर हमने भी एतबार कर अपने भाग्य विधाता की कुर्सी सौंपने में जरा भी गुरेज नहीं किया" सम्बंधित उदगार व्यक्त करते हुए सुबह-सवेरे एक जागरूक नगर-वासी ने गंदगी से भरी खुली नाली का दर्शन करवाया।

दुर्गोत्सव मनाने हेतु वर्षो से प्रसिद्धि की सीढ़ियों पर चढ़ते क्लब "बाजार पूजा समिति" नगर पंचायत ठाकुरगंज के दक्षिणी-पश्चिमी कोने से गुजरती नाली की सफाई करवाने व फंसे कचरों से मुक्त करने हेतु कुछ दिनों पूर्व सफाई कर्मियों द्वारा नाली के ऊपरी स्लैब को तोड़ कर खुली अवस्था में लाया गया।

खुली नाली में झांकने पर स्पष्ट दिखता है कि नाली होकर गंदे जल के बहाव व कचरों का स्वतः ही अनवरत निकासी हेतु पूर्व से कोई व्यवस्था नहीं थी जिस कारण गंदगी का जमा होने और जल प्रवाह को रोके रखने से बरसात के दिनों में आसपास के व्यवसायियों व वासिंदों के लिए परेशानी का सबब बनते आ रहा है।




हलांकि नगर पंचायत ठाकुरगंज प्रशासन ने अपने नेक नियत को तवज्जो देते हुए सफाईकर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी। किन्तु इस क्रम में हुई तोड़-फोड़ से नाली का एक हिस्सा विगत कई दिनों से खुली पड़ी है जिसमें जमा गंदगी और गन्दा पानी डेंगू मच्छर को अपना डेरा जमाने का खुला निमंत्रण दे रहा है।

यदि जल्द खुली नाली को ढंकने का उचित इंतजाम नगर प्रशासन द्वारा नहीं किया जाता है तो डेंगू मच्छरों को डेरा जमाने में देर नहीं लगेगा जो आसपास के वासिंदे और व्यवसायियों को डेंगू ज्वर के चपेट में ले सकता है जो अबतक के शोध के अनुसार जानलेवा भी साबित हो सकता है।

उम्मीद की जा सकती है कि जल्द ही सम्बंधित वार्ड पार्षद इस समस्या का निराकरण हेतु आवश्यक पहल करेंगे।

# जिले में आयुष्मान भवः अभियान के तहत चलाया जायेगा 'सेवा पखवाड़ा - सिविल सर्जन

*-17 सितम्बर व 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा*

*-एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेले व आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा*

*-कार्यक्रम की सफलता के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन*



**प्रतिनिधि, किशनगंज**

जिले में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः अभियान के तहत 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन होगा. जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हर गांव और पंचायत में आयुष्मान सभाओं में आयुष्मान मेलों के माध्यम से लोगो को स्वास्थ्य सेवा दी जाएगी. उक्त कार्यक्रम की सफलता एवं जिले में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टेलीकंस्लटेंसी, जांच, एनसीडी, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, पोषण एवं प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सहित 12 प्रकार की सुविधाओं के मद्देनजर जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सभी सीएचओ के कामकाज को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई. सिविल सर्जन ने बताया कि परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया 'आयुष्मान भवः' अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है. जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है. यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित व स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है. समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर कई जरूरी दिशा निर्देश दिये. बैठक में मुख्य रूप से एनसीडीओ डॉ उर्मिला कुमारी , डीपीएम डॉ मुनाजीम, डीपीसी विश्वजीत कुमार एवं एनसीडी समन्वयक नवाज शरीफ, सभी सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेलेः आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा- -सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान लागू किया जाएगा. यह पूरे राष्ट्र और पूरे समाज के दृष्टिकोण का प्रतीक है. यह सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक सामान्य मिशन के तहत एकजुट करता है. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों. आयुष्मान भवः अभियान स्वास्थ्य विभाग, अन्य सरकारी विभागों और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निर्वाचित निकायों के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों द्वारा चलाया गया एक सहयोगी प्रयास है. इसका मुख्य उद्देश्य भौगोलिक बाधाओं को पार करते हुए हर गांव और शहर में व्यापक स्वास्थ्य सेवा कवरेज का विस्तार करना है. साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों.

एचडब्ल्यूसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होने वाले इन मेलों से स्वास्थ्य आईडी( आभा) जारी करने और आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने में सुविधा होगी. वे प्रारंभिक निदान, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, विशेषज्ञों के साथ टेलीकंसल्टेशन और उचित निदान भी प्रदान करेंगे. प्रत्येक गांव और पंचायत में ये सभाएं आयुष्मान कार्ड वितरित करने, एबीएचए आईडी बनाने, और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और रोग की स्थितियों, जैसे गैर-संचारी रोग, टीबी (निक्षय मित्र), सिकल सेल रोग, साथ ही रक्तदान और अंगदान अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. आयुष्मान भवः अभियान 'स्वस्थ गांव' और 'स्वस्थ ग्राम पंचायत' बनाने के दृष्टिकोण के साथ जुड़ा हुआ है। जो देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की नींव रखता है. स्वास्थ्य योजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने वाली पंचायतें 'आयुष्मान ग्राम पंचायत' या 'आयुष्मान शहरी वार्ड' का प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित करेंगी. जो न्यायसंगत स्वास्थ्य देखभाल प्रावधान के लिए उनके समर्पण का प्रतीक है.

**आयुष्मान भवः अभियान का उद्देश्य-**

जिला योजना समन्वयक विश्वजीत कुमार ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान का उद्देश्य अपने तीन घटकों आयुष्मान - आपके द्वार 3.0, स्वास्थ्य और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और हर गांव और पंचायत में आयुष्मान सभाओं में आयुष्मान मेलों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के कवरेज को अधिकतम करना है. आयुष्मान आपके द्वार 3.0ः पहल का उद्देश्य पीएम-जेएवाई योजना के तहत नामांकित शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना कि अधिकाधिक व्यक्तियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो.

# यातायात जाम से निजात हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी के स्तर पर बनाएं समिति - डीएम

## सघन वाहन जांच अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पर करें कार्रवाई, यातायात परिचालन हो सामान्य

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा करते हुए प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने यातायात नियमों को कड़ाई से पालन ,वाहनों पर स्पीड गवर्नर ,ओवरलोडिंग, सेफ ड्राइविंग प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध पार्किंग करने पर टोटो, टेंपू इत्यादि के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के निमित यातायात व्यवस्था और दुर्घटना को कम करने पर गहन समीक्षा हुई। समीक्षा के क्रम में हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के मामले में पूर्व में प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी, किशनगंज अरुण कुमार के द्वारा बताया गया कि हिट और रन केस में मृतक को 2 लाख देने का प्रावधान है। इसके लिए थाना में दर्ज प्राथमिकी की प्रति एवं पोस्टमाटम रिपोर्ट के साथ जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन जमा कर दावा किया जा सकता है।

हिट एंड रन वाहन दुर्घटना के मामले में कुल 20 आवेदन प्राप्त थे , अबतक कुल 09 मृतक के आश्रितों को भुगतान हेतु प्रस्ताव जनरल इंश्योरेंस काउंसिल, मुंबई को भेजा जा चुका है, जिसमे 04 को मुआवजा प्राप्त हो गया है।

वीर कुंवर सिंह बस स्टैंड,किशनगंज में हो रहे ऑटो के बेतरतीब पार्किंग के लिए समाहरणालय से खगड़ा तक लगातार गहन जाँच अभियान चलाए जाने तथा केलटैक्स चौक से गांधी चौक तक वन वे किये जाने पर निर्देश दिए गए। गाँधी चौक से धर्मगंज तक वन वे किये जाने पर सहमति हुई।



शहर के फल चौक का अतिक्रमण हटाने और ओवर ब्रिज के नीचे में अस्थाई दुकान को शिफ्ट करने का निदेश दिया गया है ।

वीर कुँवर सिंह बस स्टैंड की सफाई हेतु नगर परिषद किशनगंज के कार्यपालक पदाधिकारी को औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया ताकि ठीक ढंग से सफाई हो सके एवं कूड़ा वाले स्थान को सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने का निदेश दिया गया।

जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्र में बेहतर यातायात परिचालन हेतु दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन का मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत चेकिंग कर शमन की राशि वसूली का निर्देश दिया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन विशेष अभियान के तहत यातायात नियमों के विरुद्ध यथा हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, चालक अनुज्ञप्ति, अव्यस्क युवाओं द्वारा तेज गति के वाहन चलाना आदि की जांच करने एवं शमन की वसूली करने हेतु निदेशित किया गया।

इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में थानाध्यक्षों द्वारा सघन चेकिंग तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी निर्देश को दिया गया।

बैठक में डीटीओ, पुलिस उपाधीक्षक(मुख्यालय) तथा संबंधित विभाग के अभियंता व पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित रहे।

# 16 सितंबर(शनिवार) को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का होगा अयोजन

*विजेता प्रतिभागी इसी माह में प्रस्तावित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में लेंगे भाग*

**दैनिक समाज जागरण,किशनगंज**

जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के निदेशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 के आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आयोजन 16 सितंबर को प्रातः 10 बजे से डॉक्टर कलाम कृषि महाविद्यालय, अरार्बाडी (पोठिया) में होगा।

डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि दिनांक 16 सितंबर 2023 को अरार्बाडी स्थित कृषि कॉलेज में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन होने जिले के कला और सांस्कृतिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को एक सशक्त मंच मिलेगा। इसमें सफल युवा कलाकार राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न विधाओं के कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि जीवन में कला का विशेष महत्व होता है। युवा पीढ़ी को अध्ययन कार्य के साथ किसी कला से भी अवश्य जुड़ना चाहिए ताकि उनके अंदर सृजनशीलता का विकास हो सके। ऐसे में जिले के युवाओं को इस अवसर पर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। अरार्बाडी पोठिया में कार्यक्रम होने से दूर दराज के युवाओं को भी बड़े मंच पर प्रदर्शन का अवसर मिल सकेगा।




बताते चलें कि दिनांक 16 सितंबर 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन अरार्बाडी के डॉ कलाम कृषि महाविद्यालय (पोठिया)में किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रदर्श कला और चाक्षुष कला अंतर्गत समूह गायन (संगत कलाकार सहित 10 कलाकार), समूह लोकनृत्य (संगत कलाकार सहित 20 कलाकार), एकांकी (अधिकतम 12 कलाकार), शास्त्रीय नृत्य ( कत्थक, ओडिसी, भरत नाट्यम, मणिपुरी तथा कुच्चीपुडी), शास्त्रीय गायन "एकल प्रस्तुति" (संगत कलाकार सहित 03 कलाकार), शास्त्रीय वादन "एकल प्रस्तुति" (सितार, गिटार, तबला, बांसुरी, वीणा, मृदंग), हारमोनियम वादन (सुगम), वक्तृता "एकल प्रस्तुति" (हिन्दी या अंग्रेजी),चित्रकला,फोटोग्राफी, हस्तशिल्प प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत करते हुए राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयनित किया जाएगा। चाक्षुष कला की प्रतियोगिता बालिका उच्च विद्यालय में संपन्न होगी।

गौरतलब है कि युवा उत्सव कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उम्र 15 से 35 वर्ष निर्धारित है।

जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्री रंजीत कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव की सारी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में जिले के युवक युवतियों (91 ग्रुप में 161 कलाकार) द्वारा आवेदन किया गया है। उन्होंने सभी इच्छुक लोगों को आमंत्रित करते हुए उम्मीद जताई है कि विभिन्न विधाओं में शामिल युवाओं के क्षमता प्रदर्शन को देखने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग अरार्बाडी स्थित एग्रीकल्चर कॉलेज में आयेंगे।

हिंदी दिवस पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले कर्मियो को डीएम के द्वारा युवा उत्सव पर सम्मानित किया जाएगा।

# झाड़ग्राम दुआरे सरकार शिविर में प्रस्तुति देकर खुश हैं "लोक कलाकार "

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

पूरे राज्य के साथ-साथ झाड़ग्राम जिले के विभिन्न जगहों पर चल रहे द्वारा सरकार कार्यक्रम में राज्य सरकार की विभिन्न सामाजिक विकास योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए जिले में 1850 लोक कलाकारों को दुआरे सरकार शिविरों में प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है। दुर्गा पूजा से पहले इस प्रकार के आयोजन में प्रदर्शन करने को लेकर जिले के लोक कलाकार काफी खुश हैं। संयोग से कला साधना को कायम रखने के लिए इस राज्य के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ही लोक प्रसार योजना शुरू की है। झाड़ग्राम जिले में सूचना एवं संस्कृति विभाग के तहत 13 हजार 566 लोक कलाकारों को 1000 रुपए मासिक भत्ता मिल रहा है। जिसके तहत यहां के लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न शिविरों में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।जिसके तहत छाऊ नृत्य झुमुर गान बाउल व पोर्ट गीत सहित विभिन्न लोक संस्कृति के माध्यम से



खाद्यय साथी स्वास्थ्य साथी कन्याश्री लक्ष्मी भंडार कृषक भत्ता समेत सरकारी विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर गाने गाकर सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। गत दिनों संकराइल प्रखंड इलाकों में दुआरे सरकार शिविर में लोक संगीत के माध्यम से सरकारी विकास योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। वहीं विगत माह झाड़ग्राम शहर स्थित डी एम हॉल में हजारों कलाकारों के साथ लोक कलाकारों का सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रति व्यक्ति प्रत्येक अनुष्ठान बाबत एक हजार रुपया प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जिला सूचना एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी संतु विश्वास ने कहा दुआरे सरकार कार्यक्रम में अब तक 1850 कलाकारों हिस्सा ले रहे हैं।उम्मीद है आगे चलकर कलाकारों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

# अस्पताल को व्यवसायिक केंद्र नहीं बनाया जा सकता : बीरबाहा हांसदा

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल को व्यवसाय केंद्र नहीं बनने दिया जाएगा। उक्त बातें राज्य के स्वयं सहायता समूह एवं स्व - रोजगार मंत्री बीरबाहा हांसदा ने रोगी कल्याण समिति अध्यक्ष पद की पहली बैठक में कही। झाड़ग्राम शहर के विद्यासागर पल्ली इलाके में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें जिलाधिकारी सुनील अग्रवाल नगरपालिका अध्यक्ष कविता घोष झाड़ग्राम जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी भुवन चंद्र हांसदा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे। बैठक में मंत्री बीरबाहा हांसदा ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने की बात कही। उन्होंने कहा कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल को व्यवसाय का केंद्र बना रहे हैं। जो कदापि नहीं होने दिया जाएगा। आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना ही मुख्य लक्ष्य है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दिए जाने वाले भोजन के गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए। तथा इस पर जल्द सुधार करने की हिदायत दी गई। उन्होंने कहा रोगियों को रेफर करने की समस्या भी है। इस तरह की घटना की जानकारी मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन डीएम ने किया

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

ग्राम पंचायत चकला प्रखंड किशनगंज में नवस्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन डीएम श्रीकांत शास्त्री और एसपी डॉ इनाम उल हक के द्वारा किया गया। साथ में डीडीसी स्पर्श गुप्ता भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो की मौजूदगी रही।



डीएम और एसपी समेत डीडीसी व अन्य पदाधिकारी ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा" जन जागरूकता गतिविधि से संबंधित स्वच्छता संदेश दिया। आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ा कर स्वच्छता संदेश देते हुए मीडिया से रू ब रू हुए । मीडिया को संबोधित कर उपलब्धि को बताया

# डीएम किशनगंज की अध्यक्षता में भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन से संबंधित मामलों पर समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, किशनगंज**

किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में किशनगंज जिला अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन से संबंधित मामलों पर बैठक आहूत की गई।

बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक ग्रामीणों के बसाव के कारण सीमा पर तस्करी / अवैध गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से रोकथाम लगाने का निदेश दिया गया तथा साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में डिफेंसिव विलेज को डेवलप करने की योजना और वाइब्रेंट विलेज बनाने की योजना पर विचार- विमर्श किया गया।

एसएसबी,19 वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र में मुख्य तौर पर पशुओं की तस्करी होने का मामला पर प्रभावी ढंग से रोकथाम लगाने हेतु स्थानिय पुलिस को एसएसबी के साथ व्यापक रूप से समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया क्योंकि इन तस्करियों में मुख्य तौर पर सीमावर्ती गाँवों के लोग संलिप्त हैं। संभावित पशु तस्करी को रोकने के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों एवं एस.एस.बी. के बीच संघर्ष होने की संभावना नहीं बने,इसलिए स्थानीय ग्रामीणों और एसएसबी के साथ समन्वय का निर्देश दिया गया।

बैठक में एसएसबी 19 वीं वाहिनी के द्वारा बताया गया कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा खुली होने के कारण सीमा के निगरानी एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी तौर पर रोकथाम लगाना एक चुनौती है,एसएसबी 19 वाहिनी द्वारा लगातार नाका, पेट्रोलिंग, ओ. पी. ड्यूटी के माध्यम से सीमा पर होने वाले अवैध गतिविधयों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वाहिनी को आसूचना तंत्र को भी सक्रिय रहने हेतु निर्देशित किया गया है।



पुलिस गश्ती/ पेट्रोलिंग की व्यवस्था के अंतर्गत किशनगंज जिला का नेपाल से 11 थानों की सीमा लगती है सीमावर्ती थाना 24 घंटे क्रियाशील रहती है। स्थानीय थाना द्वारा नियमित रूप से गस्ती के साथ-साथ आम सूचना भी दिया जाता है इसके अतिरिक्त एसएसबी के साथ गश्ती की जाती है।

बैठक में गलगलिया में मद्य निषेध से संबंधित निमार्णाधीन चेक पोस्ट पर वाहनों का गहन जांच एवं अवैध मद्य निषेधक वस्तु के परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की सूचना दी गई। माह जुलाई एवं अगस्त में अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु 12 लीटर शराब जप्त एवं 151 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

सीमावर्ती इलाके में दूरसंचार नेटवर्क बीएसएनएल और जिओ को ठीक ढंग से दूर संचार नेटवर्क उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि जल्द से जल्द सूचना का आदान प्रदान हो सके।

जिलाधिकारी द्वारा सभी सीमावर्ती इलाके में एक दूसरे को सूचना आदान-प्रदान करने का निर्देश दिया गया। विदेशी नागरिकों , संदिग्ध व्यक्तियों एवं फरार तथा पेशेवर अपराधियों सहित साफे दणोश असामाजिक तत्वों पर नजर एवं रोकथाम हेतु सीमावर्ती थाना के साथ निरंतर बैठक करते हुए और सूचना संकलन के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि आतंकवादी एवं उग्रवादी गतिविधि खासकर बढ़ती हाईब्रीड आतंकवाद की घटनाओं पर नजर एवं रोकथाम हेतु सीमावर्ती थाना के साथ-साथ एसएसबी के साथ भी आसूचना का आदान-प्रदान कर इस तरह के किसी भी गतिविधियों में शामिल असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

बंगाल के सीमावर्ती इलाके में जहां चिकन नेक है वहां पर ज्यादा गस्ती करने तथा बांग्लादेशी घुसपैठियों, जाली नोट, मानव एवं पशु तस्कारियों एवं व्यापार पर सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

बांग्लादेश और नेपाल से किशनगंज के रास्ते मानव तस्करी का मामला प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी के द्वारा सख्त कदम उठाने का निदेश दिया गया है।

# हिरण के सींग के साथ एक गिरफ्तार

**उत्तम सिंहःसंवाददाताःदैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):**

वनकर्मियों ने 3 फुट लंबा हिरण के सींग बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर आमबाड़ी रेंज के रेंजर आलमगीर हक के नेतृत्व में वनकर्मियों ने आमबाड़ी थाना अंतर्गत इलाके में अभियान चलाकर हिरण के सींग को बरामद किया। साथ ही इस मामले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। जांच के उद्देश्य से उसका नाम नहीं बताया गया है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार गुप्त सूत्रों के आधार पर अभियान चलाकर हिरण के सिंह को बरामद किया गया है। वनकर्मी खरीदार बनकर हिरण के सींग खरीदने गये थे। उस वक्त हिरण सिंह समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज जलपाईगुड़ी जिला अदालत में पेश किया गया है। वनकर्मी इस चक्र में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं।



# भाजपा की आरक्षण विरोधी नीतियों के खिलाफ जदयू ने निकाला मशाल जुलूस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

केंद्र की भाजपा सरकार के आरक्षण विरोधी नीतियों के खिलाफ बहादुरगंज जदयू परिवार ने पूर्व विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम की अगुवाई में मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। मशाल जुलूस मार्केटिंग यार्ड के समीप से निकलकर मुख्य बाजार झांसी रानी चौक तक आकर सभा में तब्दील हो गई। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार नहीं चाहती कि पिछड़ा/ अतिपिछड़ा, दलित/महादलित, कमजोर वर्गों का विकास हो वो लोग समाज के मुख्य धारा से जुड़े, भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है। आने वाले समय में जनता भाजपा को इसका जवाब जरूर देगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह जिलाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष एहतेशाम अंजुम, प्रखंड अध्यक्ष हरिहर पासवान, नगर पार्षद सह जदयू नगर अध्यक्ष बन्टी सिन्हा, नजरुल इस्लाम, मुमताज अंसारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आजाद आलम, ललित कुमार, पार्षद विरेंद्र ठाकुर, सहाब आलम, राजीव कुमार, फि रदौस आलम, इमरान आलम, सुनील ठाकुर, संजय बसाक,पूर्व जिप सदस्य सिकंदर हयात शैली, पार्षद राजू हरिजन, पिंटू, शहंशाह अकबर, नाहिद अरशद,महिला जिलाध्यक्ष जानकी सिन्हा, फातमा बेगम, रानी मंडल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# होंडा की नई बाइक एसपी160 सीसी का पुलिस अधीक्षक ने किया लॉन्च

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

नगर परिषद क्षेत्र स्थित पश्चिम पाली होंडा शोरूम में पुलिस अधीक्षक डॉ. इनामुल हक मेगनू ने होंडा की नई बाइक एसपी 160 सीसी का केक काटकर लॉन्चिंग किया। इस अवसर पर सुनील दफ्तरी, राजकरण दफ्तरी ,मनीष दफ्तरी विनीत दफ्तरी मौजूद थे। इसी दौरान विनीत दफ्तरी ने बताया बीते कुछ दिनों से इस बाइक को लेकर जबरदस्त क्रेज दिख रहा था और अब कंपनी ने इसे बोल्ड, स्पोर्टी और स्टाइलिश डिजाइन के साथ ही जबरदस्त पावर और शानदार परफॉर्मेंस के कॉम्बो के रूप में पेश कर दिया है। मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक, मैट एक्सिस ग्रे मैटेलिक, मैट डार्क ब्लू मैटेलिक, पर्ल स्पार्टन रैड, पर्ल इग्नियस ब्लैक और पर्ल डीप ग्राउंड ग्रे जैसे शानदार कलर ऑप्शंस में उपलब्ध है। इसकी कीमत एक लाख 60 हजार रुपए है। ग्राहक मात्र बीस हजार रुपए डाउन पेमेंट देकर बाइक ले सकते हैं। एसपी160 इंजन स्टॉ स्विच के साथ आती है, जिससे छोटे सिग्नल और छोटे स्टॉप पर एक बटन दबाते ही इंजन बंद हो जाता है।इसमें एबीएस के साथ पेटल डिस्क ब्रेक्स बाइक पर बेहतर कंट्रोल के लिए दिए गए हैं।

एसपी160 असाधारण परफॉर्मेंस, शानदार माइलेज, सुगम पावर डिलीवरी और बेजोड़ फीचर्स का कॉम्बो है। इसके बोल्ड डिजाइन और कंफर्टेबल फीचर्स के साथ राइडर सुविधाजनक लंबी राइड्स का लुत्फ उठा सकते है।

## हजरत बाबा गुलाम शाह वारसी का 24 वां उर्स मुबारक मनाया

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम।**

अंजुमन ए इंतेजामीया कमिटी/ ट्रस्ट के द्वारा सरकार वारिस पाक बेकस पनाह हजरत बाबा गुलाम शाह वारसी (र०अ०)का 24 वां उर्स मुबारक रोहतास जिले में बिक्रमगंज से 2 किलोमीटर की दुरी पर रेड़िया शरीफ में बड़े ही धूमधाम से हिन्दू, मुस्लिम, सिख,ईसाई की आपसी सदभाव के साथ मनाया गया। कमिटी के प्रशासनिक प्रवक्ता डॉ सद्दाम हुसैन वारसी ने बताया की सरकार वारिस पाक के दरगाह पर देश के कोने कोने से हजारों की संख्या में सभी धर्मों के जाइरीन( श्रद्धालू )आते है और



अपनी नजराने अकीदत पेश करते हैं। आपसी भाईचारे का सन्देश देता यह दरगाह शरीफ देश में एक मिशाल है,जहाँ पर अंजुमन इंतेजामीया कमिटी नायब सदर सबीर हुसैन वारसी सदर मोहतरमा सबनम वारसिया, मुख्य संरक्षक इ० हातिम ताई वारसी सेक्रेटरी जनरल एकलाखू रहमान वारसी, सेकेटरी फाइनेंस तैयब अली वारसी,जॉइंट सेक्रेटरी मैनेजमेंट सनोवर मण्डल तथा नायब सेकेटरी चंद्रशेखर सिंह इंजीनियर मोतीउर रहमान, तौकीर वारसी की मौजूदगी में संपन्न हुआ।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की गई आयोजित, एक मुट्ठी चावल की गई एकत्रित

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझियांव शक्ति केंद्र अंतर्गत चिलबिला गांव में शुक्रवार को डेहरी ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष आनंद कुमार पांडे के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी बुधन राय वर्मा के पुत्र कलेंद्र वर्मा को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वही इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष सुशील कुमार व डेहरी के पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह यादव उपस्थित हुए। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्यचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भारत माता की जय का नारा लगाया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को बताते हुए कहा कि



इस अभियान के तहत प्रत्येक घरों में पहुंचकर पवित्र मिट्टी को अमृत कलश में एकत्रित किया जा रहा है। यह मिट्टी वीर शहीदों के याद में बनने वाले अमृत वाटिका दिल्ली के लिए भेजा जाएगा। प्रदेश भाजपा के निर्देश पर यह कार्यक्रम डेहरी प्रखंड के 13 शक्ति केंद्र के प्रत्येक बूथ पर लगातार 17 सितंबर तक चलाया जाएगा। मौके पर जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष भोला सिंह, प्रकाश गोस्वामी सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का डीडीसी ने किया शुरूआत, उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

रोहतास जिले के सभी ग्राम पंचायतों में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के उपाध्यक्ष शेखर आनंद ने जिला मुख्यालय सासाराम के शेरशाह मकबरे के समीप आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस अभियान की शुरूआत की तथा स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले जिले के चयनित 6 मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीडीसी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "कचरा मुक्त भारत" बनाया जाना है। जिसके अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गॉव-गॉव एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर, दीवार चित्रण, स्वच्छता-चौपाल इत्यादि



गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। साथ हीं समुदाय द्वारा अपने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी, अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को अपनाने के लिए स्वच्छता शुल्क संग्रह के प्रति उत्प्रेरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों व वार्डों में 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा" के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त यतेन्द्र कुमार पाल, नगर निगम मेयर काजल कुमारी, डीटीओ रामबाबू, जिला समन्वयक अखिलेश्वर कुमार पाण्डेय, शाहबाज रहीम, रवि कुमार, पूर्व प्रखण्ड प्रमुख मधु उपाध्याय, मुखिया अनिता देवी, रंजीत कुमार, निर्मला कुमारी आदि उपस्थित रहे

## असमाजिक तत्वों ने छेड़खानी के विरोध करने वाले शिक्षकों से विद्यालय में घुसकर की मारपीट , शिक्षक घायल

### *छात्राओं से विद्यालय में घुसकर कर रहे थे छेड़खानी*

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेन्दुनी उच्च विद्यालय में शुक्रवार को छात्राओं से छेड़खानी करने का विरोध करने पर कुछ विद्यालय के छात्र असामाजिक तत्वों से मिलकर विद्यालय परिसर में घुसकर शिक्षकों की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें तीन शिक्षक बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में एक शिक्षक की हालत बेहद चिंताजनक बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल शिक्षक ने इस संबंध में पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की गहनता के साथ जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। शिक्षकों का एक शिष्टमंडल जख्मी शिक्षकों के साथ एसडीएम उपेन्द्र कुमार पाल से मिलकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा शिक्षकों की सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। बताया जाता है कि उच्च विद्यालय तेंदुनी में दोपहर के समय 15 - 20 की संख्या में विद्यालय के छात्र और कुछ बाहरी लोगों ने विद्यालय के शिक्षक सदन में घुसकर वहां उपस्थित सभी शिक्षकों को डंडो-बेल्ट व लप्पड़ - थप्पड़ से पीटना शुरू कर दिया। इस घटना में तीन शिक्षक लालदेव राम, कुमार सत्यव्रत और कुमुद रंजन तिवारी घायल हो गए, जिसमें लालदेव राम का सर भी बुरी तरह से फट गया जिससे वो लहूलुहान हो गए। घायल शिक्षकों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में हुआ। विदित हो कि लालदेव राम ही आज प्रभार में भी थे। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि घायल शिक्षक के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। शिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक दिन विद्यालय में पहुंच कर लड़कियों के साथ छेड़खानी करते थे। जिसका शिक्षकों ने विरोध करते हुए लड़कों को विद्यालय के परिसर से भगा दिया। विद्यालय परिसर धीरे- धीरे असामाजिक तत्वों का अड्डा बनते जा रहा है। इस घटना से नाराज शिक्षकों ने शाम को एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल से मिलकर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई और शिक्षकों के लिए सुरक्षा हेतु गुहार लगाई है।

## ट्रक के जोरदार टक्कर से बाइक सवार की मौके पर हुई मौत

### *ग्रामीणों ने रामडिहरा एन एच टू सी पथ को किया घंटों जाम*

**दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी - बंजारी राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच टू सी पथ पर शुक्रवार को रामड़ीहरा स्टेशन के समीप डेहरी के तरफ से आ रहे एक बाइक सवार के ट्रक में टकरा जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक रोहतास थाना क्षेत्र के नारायणचक का रहने वाले शिवपूजन सिंह का 36 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार बताया जाता है। बताया जाता है कि मृतक के पिता सेवानिवृत्त थल सेना के सिपाही हैं। परिजनों के द्वारा



रामडिहरा में एन एच टू सी पथ को घंटों जाम कर दिया गया। थानाध्यक्ष केके केसरी व सीओ कुमार भारतेंदु के द्वारा काफी मशक्कत के बाद समझा- बूझकर जाम को हटवाया गया। थानाध्यक्ष केके केसरी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वही मौके पर से पुलिस ने ट्रक को भी जब्त कर थाने ले आई है। पुलिस इस मामले में जांच -पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## पालीगंज के तोरणी गांव में किसानों ने किया बैठक

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ प्रखण्ड क्षेत्र के सडसी पिपरदाहा पंचायत स्थित तोरणी गांव स्थित महावीर मंदिर परिसर में किसानों ने अपनी समस्या को लेकर बैठक किया जानकारी के अनुसार यह बैठक पंचायत कॉर्डिनेटर अरुण सिंह एवं कृषि सलाहकार कृष्ण रंजन के उपस्थिति में किसान भाईयों ने बैठक किया। बैठक के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभूक का पैसा आने में रुकावट का समाधान, बीज पाने की जानकारी व मौजूदा धान के फसलों में रोगों के रोक थाम के लिए उपचार एवं किसानी सम्बंधित अन्य विषय पर विस्तार पूर्वक ब्लॉक से आऐ पंचायत कोडिनेटर एवं कृषि सलाहकार के द्वारा किसानों को बताया गया बैठक में स्थानीय किसान राजेन्द्र प्रसाद सिंह, संजय सिंह, राजेश कुमार, जयकुमार सिंह, पिन्टू सिंह,नन्द जी सिंह, बचन सिंह ,हरि साव, राम प्रवेश प्रसाद, दिनानाथ सिंह, पप्पू साव, चन्द्रदेव सिंह, भिखारी विंद, गौतम कुमार, अवधेश सिंह, मिथलेश सिंह, नगीना सिंह,आनंद विंद, नन्हकु सिंह, मनीष कुमार, अकलू सिंह व राम सुभग सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## डेहरी धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस को सासाराम पहुंचने पर गर्मजोशी से किया गया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम ने शुक्रवार को 13305/13306 धनबाद डेहरी इंटरसिटी एक्सप्रेस को सासाराम जंक्शन पर पहुंचते हीं पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है। इस दौरान ड्राइवर एवं गार्ड को माला पहनाते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया एवं ट्रेन के सासाराम से धनबाद के लिए रवाना होने से पहले ड्राइवर एवं गार्ड को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन ने उक्त ट्रेन के सासाराम तक विस्तार होने पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल के अधिकारी एवं रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों को बधाई दिया और साथ ही साथ रेल मंत्री को भी बधाई दिया। विदित हो की इस ट्रेन को सासाराम जंक्शन तक विस्तार कराने में पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम की अहम भूमिका रही है। ट्रेन का स्वागत करने वालों में पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम के कुंडल सिंह, जावेद अख्तर, श्याम सुंदर पासवान, सूर्यनाथ सिंह, सत्यवंती देवी, चंद्रशेखर सिंह, धनंजय कुमार मेहता, पतंजलि मिश्र, आलोक मेहता, रमेश पांडे, राधा प्रसाद सिंह, नवल किशोर, मोहम्मद फैयाज, प्रवीण कुमार वर्मा, डॉ फैयाज, अभिनंदन सिंह, सपना कुमारी, तृप्ति चौबे, खुशबू कुमारी और सोनी कुमारी शामिल रहे।

## मीटर से बाईपास कर विद्युत चोरी कर रहे चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

मीटर बायपास कर विधुत चोरी कर रहे लोगों के विरुद्ध विभाग सख्त हो गई है , जिसको लेकर विभाग द्वारा विभिन्न गांव मे छापामारी कर चोरी करते हुए पकड़े गए लोगों के विरुद्ध थाने मे जुमार्ने के साथ प्राथमिक की दर्ज करा रही है। वही शुक्रवार के दिन थाना क्षेत्र के कुछीला पंचायत के सारंगपुर गांव में विद्युत विभाग ने छापेमारी के दौरान मीटर बायपास कर विद्युत चोरी कर रहे चार लोगों पर जुमार्ने के साथ कोचस थाने मे प्राथमिक की दर्ज की है। जीसकी जानकारी विद्युत विभाग के जेई संतोष कुमार ने दी। जय संतोष कुमार



ने बताया कि मीटर बायपास कर विद्युत उपयोग कर रहे लोगों के विरुद्ध विभाग छापामारी अभियान चला रही है जिसमें शुक्रवार के दिन विभाग के द्वारा सारंगपुर गांव में छापरी की गई जिसमें उक्त गांव के अशोक तिवारी के ऊपर 9357 रुपए, राजकुमार राय के यहां 27516 रुपए, राजकुमार सिंह के यहां 41361 रुपए तथा श्रीराम पांडे के यहां 14853 रुपए का फाइन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग के द्वारा चारों लोगों के विरुद्ध कोचस थाने में जमाने के साथ प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान फुटपाथी दुकानदारों में मची भगदड़

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज नगर प्रशासन व स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से शहर के नासरीगंज मुख्य पथ व सासाराम मुख्य पथ में अतिक्रमण को हटवाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान फुटपाथी दुकानदारों में भगदड़ मची गयी। इस संबंध में बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल ने बताया कि विगत दिनों पूर्व एनएचआई के अधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय के सभा कक्ष में शहर के तेंदुनी चौक का सौंदर्यीकरण व सड़क चौड़ीकरण को लेकर बैठक की गई थी। जिस बैठक में एनएचआई के अधिकारी , नगर परिषद के सभापति,उपसभापति प्रतिनिधि,कार्यपालक पदाधिकारी के साथ उक्त विंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई थी। उन्होंने कहा कि



स्थानीय शहर के फुटपाथी दुकानदारों को नगर परिषद की ओर से दिशा-निर्देशित करते हुए अतिक्रमण हटाने की सूचना दी गई थी। उसी के मद्देनजर शुक्रवार को नगर प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से शहर के नासरीगंज मुख्य पथ व सासाराम मुख्य पथ में अतिक्रमण को हटवाया गया। मौके पर सभापति मनोरंजन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी, सीओ आलोक चंद्र रंजन,आरओ पल्लवी कुमारी,थानाध्यक्ष मनोज कुमार, स्थानीय थाना के वरीय पुलिस अधिकारी,नगर परिषद के अन्य अधिकारी,कर्मी और पुलिस बल के जवान लोग मौजूद थे।

## डेहरी धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस को सासाराम पहुंचने पर गर्मजोशी से किया गया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम**

पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम ने शुक्रवार को 13305/13306 धनबाद डेहरी इंटरसिटी एक्सप्रेस को सासाराम जंक्शन पर पहुंचते हीं पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है।इस दौरान ड्राइवर एवं गार्ड को माला पहनाते हुए मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया एवं ट्रेन के सासाराम से धनबाद के लिए रवाना होने से पहले ड्राइवर एवं गार्ड को पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन ने उक्त ट्रेन के सासाराम तक विस्तार होने पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल के अधिकारी एवं रेलवे मंत्रालय के अधिकारियों को बधाई दिया और साथ ही साथ रेल मंत्री को भी बधाई दिया। विदित हो की इस ट्रेन को स-




ासाराम जंक्शन तक विस्तार कराने में पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम की अहम भूमिका रही है। ट्रेन का स्वागत करने वालों में पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम के कुंडल सिंह, जावेद अख्तर, श्याम सुंदर पासवान, सूर्यनाथ सिंह, सत्यवंती देवी, चंद्रशेखर सिंह, धनंजय कुमार मेहता, पतंजलि मिश्र, आलोक मेहता, रमेश पांडे, राधा प्रसाद सिंह, नवल किशोर, मोहम्मद फैयाज, प्रवीण कुमार वर्मा, डॉ फैयाज, अभिनंदन सिंह, सपना कुमारी, तृप्ति चौबे, खुशबू कुमारी और सोनी कुमारी शामिल रहे।

## विद्यालय के छात्रों ने बजा दी छुट्टी की घंटी , प्रधानाध्यापक को बचाने के लिए शिक्षक पर कारवाई क्यू...?

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के मोथा पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दिनांक 12.09.2023 को प्रधानाध्यापक का सोते हुए एक वीडियो प्रकाश में आया था जिसमे साफ साफ देखा गया की प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंभकर्णी निंद्रा में तकरीबन 1:30 बजें सोए हुए है। मामला प्रकाश में आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप सा मच गया। आनन-फानन के स्थिति में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कलीमुदीन अपने टीम के साथ विद्यालय पहुंचे और जांच-पड़ताल किए। मामले की जानकारी के लिए जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया की किसी एक शिक्षक द्वारा छात्रों को घंटी बजाने के लिए बोला गया। जहां बच्चें ने गलती से छुट्टी की घंटी बजा दिया। जिससे पढ़ाई कर रहे सभी बच्चें छुट्टी समझकर घर चले गए। वही मामले में अभी तक करवाई की बात किया जाए तो केवल लीपा-पोती ही नजर आ रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक को बचाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। और एक ही शिक्षक पर ताबड़तोड़ करवाई किया जा रहा है । जिसके बाद सवाल तो उठना लाजमी है । विद्यालय में विधि-वयवस्था से लेकर दर्जनों मामला प्रधानाध्यापक के खिलाफ है। परंतु अभी तक करवाई नही हो रही है। वही एक शिक्षक है प्रेम कुमार जो प्रतिदिन विद्यालय आते है ,और हाजरी बना कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ चले जाते है । फिलहाल मामले की जांच में जिला से आए डीपीओ सर्व शिक्षा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने स्तर से जांच किया और मामले में दोषियों के विरुद्ध करवाई करने की बात की ।

## मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सरैया पंचायत में लिया गया प्रत्येक घर से एक एक मुठी चावल

**दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

मिट्टी को नमन मिट्टी को वंदन भारतीय जनता पार्टी का व्यापी कार्यक्रम मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम तिलौथू मंडल अंतर्गत सरैया पंचायत में किया गया। राष्ट्रीय तिरंगा के साथ घर-घर जाकर एक मुट्ठी चावल एक कलश में लिया गया। तिलौथू मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में ऋतुराज उपाध्याय, मिथिलेश पांडे,अभय भगत, भोला सोनी ने घर-घर से मिट्टी एवं चावल गांव की मिट्टी का प्रतिनिधित्व कर्तव्य पथ दिल्ली की शहीदों की स्मृति में निर्मित हो रही अमृत वाटिका में हो सके इसके लिए लिया गया ग्रामीण इस भाविनी



राष्ट्रीय संवेदना में कार्यक्रम से सम्मानित महसूस कर भाउक और राष्ट्रीय संवेदना से संवेदिक दिखे। तिलौथू मंडल के सरैया पंचायत के इस कार्यक्रम में सुधीर शर्मा, गोलू शर्मा , रंजीत कुमार, कमलेश कुमार , हीरालाल कुमार, सोनू शर्मा , ज्वाला भगत , लखन राम , संदीप चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## पुलिस ने बैटरी चोर को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी थाना क्षेत्र के हट्टा गांव निवासी मनोज लाल के भाटा पर खड़ी एक ट्रैक्टर से बैटरी चोरी के मामले में चेनारी पुलिस ने शुक्रवार को बैटरी चोर को गिरफ्तार किया व चोरी गई ट्रैक्टर की बैट्री को भी बरामद कर लिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि हटा गांव निवासी जयकुमार लाल के पुत्र बिट्ठु लाल तथा डिहरीया ग्राम निवासी नंदकिशोर बिंद के पुत्र संजय कुमार को गिरफ्तार किया है। जांच करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## बाइक सवारों ने एक को मारी टक्कर हुआ घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के चिताव गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर खड़े एक व्यक्ति को अज्ञात बाइक सवारों ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। घायल व्यक्ति चीताव निवासी रामस्वरूप सिंह के 50 वर्षीय पुत्र जयराम सिंह बताये जाते है। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल व्यक्ति अपने गांव चिताव से किसी कार्य हेतु कोचस जा रहे थे की कोचस से दिनारा के तरफ तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बाइक सवारों ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह जमीन पर गिर लहू लूहान हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बाइक सवारों का पीछा किया लेकिन भागने में सफल रहे। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक डॉक्टर विकास कुमार ने स्थिति को नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम के ट्रॉमा सेंटर भेज दिया है।

## पुलिस ने 12 बाइक से वसूला 12 हजार जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाने की पुलिस ने थाना चौक के समीप वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुरुवार को थाना चौक के समीप स्थानीय थाना के वरीय पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों के द्वारा सभी वाहनों का जांच किया गया। उन्होंने कहा कि जांचोंपरांत वाहनों का डिक्की ऑनर बुक, हेलमेट, इंश्योरेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच पड़ताल की गई। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान शराब माफियाओं एवं अपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने को लेकर चलाया गया। कहा कि 12 बाइक चालकों से वाहनों से संबंधित कागजात एवं हेलमेट नहीं रहने की वजह से 12 हजार की राशि आर्थिक दंड के रूप में वसूला गया। मौके पर स्थानीय थाना के वरीय पुलिस अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## लेवड़ा गाँव में श्रीकृष्ण षष्ठी काफी धूमधाम व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के हुरका पंचायत अंतर्गत लेवड़ा गाँव स्थित मेघड़ापुरी महावीर स्थान परिसर में कृष्ण षष्ठी काफी धूमधाम व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम युवा बजरंग दल कमिटी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में रात्रि जागरण के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कमिटी कार्यकताओं ने बताया कि कृष्ण



षष्ठी के अवसर पर करीब 20 वर्षों से भण्डारे का आयोजन प्रत्येक वर्ष होते आ रहा है। यहां शंकर भगवान, विष्णु, कृष्ण एवं लक्ष्मी जी का प्राचीन मंदिर है। इस आयोजन में राज डीजे साउंड के प्रोपराइटर अरविंद कुशवाहा द्वारा टेंट पंडाल व डीकोरेशन मुफ्त देकर सहयोग करते हैं। इस भण्डारे के मौके पर तिलौथू जिला पार्षद के डोमा साह,डिहरी प्रखंड अंतर्गत पथपुरा पंचायत के समिति विशाल कुमार,सुदर्शन सिंह,रामाधार सिंह,मोहित यादव,सत्येंद्र बैठा,नरेश साव, दुदुल पासवान समेत सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## सुधीर कुमार ने तिलौथू थाना के नए थाना अध्यक्ष के रूप में किया पदभार ग्रहण

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता,तिलौथू रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत तिलौथू थाना के नए थाना अध्यक्ष के रूप में सुधीर कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इन्होंने तत्कालीन थाना अध्यक्ष कृपालजी का दावथ थाना में तबादला हो जाने के ततपश्चात इनका स्थान लिया। इसके पूर्व



दरिहट थाना में पदस्थापित थे। नव पदस्थापित तिलौथू थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अमन शांति व विधि व्यवस्था बहाल रहेगा। अवैध बालू निकासी पर रोक, शराब माफियाओं पर नकेल कसने की दिशा में कार्य किया जाएगा। शराब कारोबारियों व माफियाओं व अवैध कार्य करने वाले बख्शे नही जाएंगे। वहीं नए थानाध्यक्ष का थाना में पदभार ग्रहण करने पहुंचे सुधीर कुमार का स्वागत तिलौथू पूर्वी पंचायत के उपमुखिया अजित कुमार ने अपने समर्थकों के साथ माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

## नये थानाध्यक्ष के रुप में कृपाल जी ने किया योगदान

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत दावथ थाने में नये थानाध्यक्ष के रुप में कृपाल जी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जबकि पुर्व थानाध्यक्ष दावथ संजीव कुमार को पुलिस मुख्यालय बुला लिया गया है। उसके बाद नये थानाध्यक्ष के रुप में कृपाल जी ने अपना योगदान दिया है। नवपदस्थापित थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि थाना क्षेत्र में अमन व शान्ति, अवैध बालू की निकासी पर रोक व शराब माफियाओं पर नकेल कसने की दिशा में



कार्य किया जायेगा। इनकी प्राथमिकताओ में शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई,बालू माफियाओं पर नकेल कसना,व थाना क्षेत्र में अमन व शान्ति स्थापित करना,विधि व्यवस्था बहाल करना स्थापित है।

## तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास**

रोहतास जिले संझौली स्थानीय थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना पर छपामारी कर तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव से चंदन कुमार,दीपक कुमार व मिथिलेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के विरुद्ध कोर्ट से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था।

## उत्पाद विभाग कार्यालय से एक विभागीय कर्मी को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) उत्पाद विभाग ने एक विभागीय कर्मी को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि विभाग को छापेमारी के लिए मिले डॉग हैंडल मोहम्मद रिजवान को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।जो कि गौड्डा जिले के निवासी है, गुप्त सूचना के आधार पर की कार्यवाही गई है। उधर चानंद निवासी दशरथ मंडल को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया , दोनों का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करा कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया !

## लोकसभा चुनाव को लेकर राजद कार्यकताओं का अहम बैठक।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार प्रखंड में के खादी ग्रामोद्योग के प्रांगण में राजद कार्यकताओं की अहम बैठक कि गई। इस बैठक की अध्यक्षता राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम ने की । बैठक में सब की सम्मति से निर्णय लिया गया है कि आनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी बुथों पर राजद के सच्चे कार्यकताओं को बुथ अध्यक्ष, महासचिव,युवा सदस्य , महिला सदस्य का चुनाव करते हुए हर घर जाकर पार्टी की मजबूती के लिए लोगों



को जागरूक करने की बात कही राजद के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने कही साथ ही कहीं की वोटर लिस्ट के प्रत्येक पेज से एक सदस्य बनाने हुए सभी बुथ पर एक एजेंट का चयन करने का संकल्प लेते हुए हर घर में इंडिया महागठबंधन का झंडा लहराने की बात कही जिससे आनेवाले लोकसभा चुनाव में पुरे बिहार में 40 सीटों पर महागठबंधन की पार्टी का झंडा लहराते हुए विजय हासिल हसीन होने की बात कही इस दौरान राजद के प्रखंड अध्यक्ष पर कैलाश प्रसाद यादव राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम राजद जिला परबत्ता अजीत कुमार सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा जिला युवा उपाध्यक्ष दिलीप प्रसाद गुप्ता अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मंजूर जिला महासचिव सह राजद पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मेराज जिला महासचिव डॉक्टर नसरुद्दीन राजद प्रखंड युवा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल सहित इत्यादि राजद के तमाम कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैरियर मार्गदर्शन बहुत कम शुल्क में छात्र-छात्राओं को दे रहा है करियर बनाने का अवसर

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) के विभिन्न जिलों एवं शहरों में बहुत कम शुल्क में कैरियर मार्गदर्शन छात्र छात्राओं को डिग्री कोर्स जैसे बीएड, डीएलएड, एमएड, एएनएम, बीएससी नर्सिंग जैसे कोर्स बहुत ही कम शुल्क में करने का अवसर दे रहा है कजिससे छात्र-छात्राओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है वही विद्यार्थियों के योग्यता अनुसार कई करियर कोर्स कराई जा रही हैं वहीं संस्था के डायरेक्टर शिवम कुमार सिंह कड़ी मेहनत और लगन से कैरियर मार्गदर्शन का कई जिले व शहरों में नई-नई शाखा प्रारंभ कर चुके हैं जिससे संबंधित जिले के छात्र-छात्राओं को कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है क जानकारी के मुताबिक कहलगाँव भागलपुर, सुल्तानगंज, पटना एवं राज्य के विभिन्न शहरों में स्टूडेंट कम से कम फीस में योग्यता अनुसार डिग्री प्राप्त कर कैरियर बना रहे हैं कवही छात्र-छात्राओं के बीच संस्था के द्वारा नियमित रूप से प्रैक्टिकल भी कराया जा रहा है क जिससे उनको तैयारी के दौरान बहुत लाभ मिल रहा हैं

## 50 लीटर देशी महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी गया जेल।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)


औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर देव थाना की पुलिस ने शराब के खिलाफ सघन छापेमारी करते हुए शराब कारोबारी को धर दबोचा है ।जानकारी देते हुए देव थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि शराब कारोबारी पुरंजय सिंह उम्र 40 वर्ष पिता कामाख्या सिंह ग्राम पड़रिया थाना देव जिला औरंगाबाद को पैक्स गोदाम चौराहा के पास से 50 लीटर महुआ देसी शराब के साथ पकड़े जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।




## नबीनगर जनकपुर पोखरा से देसी शराब बरामद कारोबारी फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**


नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के जनकपुर पोखरा के समीप से ए एस आई दीपक कुमार सिंह एवम टीम ने छापेमारी कर 180 एम एल का झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब 90 पीस बरामद किये ।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की इस क्षेत्र मे शराबका कारोबार फलफूल रहा है ।पुलिस को आने की भनक लगते ही कारोबारी भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।



## कपाली पुलिस ने चोरी हुए मोटरसाइकिल के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार

शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिल : सराईकेला खरसावां जिले के चांडिल क्षेत्र के कपाली ओपी अंतर्गत गौसनगर मेडिकल लाईन निवासी मंसूर अंसारी ने 12 तारीख को शाम 5:00 डोबो पानी टंकी के समीप नदी किनारे के पास से ग्लैमर मोटरसाइकिल नंबर खलूड5इे - 1034 चोरी होने की लिखित आवेदन कपाली ओ०पी पुलिस को दी गई थी। वही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कपाली के डांगरडीह शाहिद बागान को घेराबंदी कर कपाली के ळडढ चौक निवासी फैसल अंसारी उम्र 22 वर्षीय और सहयोगी कपाली के डेमडूब्बी निवासी शेख जिलानी उम्र 24 वर्षीय को चोरी हुए ग्लैमर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय हिरासत में।



## आधार कार्ड अपडेट करने के नाम पर नाबालिक बच्चों से प्रखंड कार्यालय में कराई जा रही थी मजदूरी- जिम्मेदार कौन

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

बिहपुर- (बिहार) बिहपुर प्रखंड कार्यालय स्थित आधार केंद्र में नाबालिग बच्चे से मजदूरी करवाने का मामला सामने आया है। शुक्रवार की शाम को बिहपुर प्रखंड कार्यालय स्थित आधार सुधार केंद्र के संचालक के पति अंकित कुमार के द्वारा आधार अपडेट करवाने के बदले नाबालिग से मजदूरी करवाने का मामला सामने आया है। जब नाबालिक बच्चों से पूछा गया की मजदूरी क्यों कर रहे हो तो उन्होंने कहा कि आधार कार्ड बनवाने के लिए करना पड़ रहा है क्योंकि पैसे की डिमांड की गई थी और मेरे पिताजी कोई काम नहीं करते हैं इसलिए मुझे आधार अपडेट करने के लिए मजदूरी करना पड़ रहा है इन नाबालिक बच्चों के साथ इनकी मां भी वहां पर मौजूद थी जब बिहपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाषा पर संपर्क किया गया । उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है कल ऑफिस आने के बाद इसकी जानकारी ली जाएगी। जब कार्यालय में सभी पदाधिकारी चले गए थे ।तब 5:00 बजे शाम में बच्चों से कराई जा रही थी मजदूरी। सरकार बाल मजदूर को रोकने के लिए कानून बनाया जाता है और एक तरफ प्रखंड कार्यालय में सरेआम नाबालिक बच्चों से मजदूरी करी जाती है। इसका कौन है जिम्मेदार



## सभी युवाओ का एक ही पुकार भागलपुर लोकसभा के उम्मीदवार जिले में चर्चित विकास पुरुष के नाम से श्री पप्पू यादव जी हो

**समाज जागरण**

भागलपुर - (बिहार) महागठबंधन से भागलपुर लोकसभा के उम्मीदवार इस वार श्री पप्पू यादव जी ही होगे। चूकि हम ऐसा इस लिए कह रहे है कि जिले में खासकर युवा वर्ग की एक ही पुकार इस बार लोकसभा उम्मीदवार श्री पप्पू यादव हो हम लोगो के बीच। बता दे की महागठबंधन के इस निर्णय से भागलपुर में एक खुशी का माहौल दिख रहा है। खास कर युवाओं ने महा गठबंधन के इस कार्य को बहुत ही सराहा साथ कहा अब तो महागठबंधन और महागठबंधन के प्रत्याशी अगर श्री पप्पू यादव होते है तो विजय तय है ।हम लोग लोकसभा क्षेत्र के गांव -गांव कस्बे -कस्बे जाकर वर्तमान सरकार की नाकामी और जुमलेबाजी के भी बारे सभी को अबगत कराएंगे और महागठबंधन प्रत्याशी श्री पप्पू यादव के लिए विजय श्री का आशीर्वाद भी मांगेंगे हम भागलपुर लोकसभा के सभी नवयुवक का एक साथ एक आवाज लिए महागठबंधन की सरकार। जनता के बीच चाहे सूखाङ का समय हो या कोरोना काल का समय हो सभी जगह निस्वार्थ भाव से तन मन धन के साथ मानव सेवा में लगे रहते हैं। वहीं बिहार के डिप्टी सीएम श्री तेजस्वी यादव के काफी गरीबी और इन्हें छोटा भाई भी मानते हैं।




## औरंगाबाद योजना भवन के सभागार में बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री अलोक मेहता की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक की गई।

इस बैठक में औरंगाबाद जिले के विभिन्न विभागों के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर गहन चर्चा की गई। जिसमें कृषि, जल संसाधन, विद्युत, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, मनरेगा एवं आवास आदि जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर विमर्श किया गया।

इस बैठक में सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व की बैठक के अनुपालन से प्रभारी मंत्री एवं अन्य सभी सदस्यों को अवगत कराया गया।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

इसके पश्चात कृषि विभाग की समीक्षा की गई जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा अपने विभाग द्वारा औरंगाबाद जिले में बीज की उपलब्धता सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक इस जिले में 92 प्रतिशत से ज्यादा रोपनी हो गई है। प्रभारी मंत्री द्वारा औरंगाबाद जिले में कृषकों को ससमय बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रखंड वार जिन फसलों की आवश्यकता है, इसके अनुरूप आवंटन की मांग करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को किसान चौपाल के माध्यम से छूटे हुए किसानों को बीज उपलब्ध कराने हेतु जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है एवं किसानों को ससमय उपलब्ध कराया जा रहा है। विधायक ओबरा ऋषि कुमार द्वारा किसानों को यूरिया एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने के संबंध में जागरूकता अभियान/प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया गया।

जल संसाधन विभाग की समीक्षा के क्रम में विधायक कुटुंबा द्वारा जल संसाधन के डिसटीब्यूशन सिस्टम को मजबूत करने का अनुरोध किया गया ।विधायक गोह द्वारा टेकारी कैनाल के वितरणी एवं उप वितरणी को स्ट्रेंथेन करने का निर्देश अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त विधायक नबीनगर द्वारा सोन नहर कैनाल एवं नॉर्थ कोयल कैनाल पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया गया। कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022-23 में 11 तालाबों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कराया गया है। इसके अतिरिक्त पुनपुन नदी पर चेक डैम बनाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिलने वाली है इसके उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग द्वारा बताया गया कि एग्रीकल्चरल फीडर हेतु मुख्यमंत्री कृषि संबंधी योजना का क्रियान्वन किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि विद्युत आपूर्ति का एवं लोड डिस्ट्रीब्यूशन का राशनलाइजेशन करने की आवश्यकता है एवं जहां पर लोड ज्यादा है वहां अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।



इसके पश्चात राजस्व विभाग की समीक्षा की गई, जिसके तहत औरंगाबाद एवं दाउद नगर अनुमंडल के सभी अंचलों में लंबित दाखिल खारिज वादों को विभाग द्वारा निर्धारित समय के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मंत्री द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा लगभग सभी हल्का में राजस्व कर्मचारी दिए गए हैं। सभी राजस्व कर्मचारी पंचायत सरकार भवन में बैठकर अपने विभागीय कार्यों का निष्पादन करेंगे। इसके लिए सभी राजस्व कर्मचारियों के लिए पंचायत सरकार भवन में बैठने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त दाखिल खारिज/ परिमार्जन/ अभियान बसेरा/ पर्चा वितरण इत्यादि का प्रचार प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रभारी मंत्री द्वारा बताया गया कि अतिक्रमण हटाने के पूर्व विस्थापित होने वाले परिवारों को पुनर्वास हेतु भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष की उपस्थिति में रोस्टर बनाकर शनिवारिय जनता दरबार का आयोजन रोस्टर के अनुसार सभी थाना परिसरों में कराया जाए।

नगर एवं आवास विभाग की समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी को नगर एवं आवास विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का विवरण एवं बैठकों की जानकारी सभी विधायक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत अब तक कुल 51612 आवासों को पूर्ण किया जा चुका है जो 98.34 प्रतिशत है एवं ससमय शेष सभी आवासों को पूर्ण कर लिया जाएगा। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत कुल 237 सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले में कुल 132 अपशिष्ट प्रबंधन इकाई निमार्णाधीन है तथा 65 अपशिष्ट प्रबंधन इकाई को पूर्ण कर लिया गया है।

इसके पश्चात मंत्री द्वारा अन्य विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसके तहत सभी विभागों द्वारा उनके विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं मंत्री द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

इसके पश्चात प्रभारी मंत्री द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने पूर्ण क्षमता के साथ ससमय विभागीय कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। अंत में अपर समाहर्ता मनोज कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

इस अवसर पर औरंगाबाद विधायक आनंद शंकर सिंह, विधायक कुटुम्ब राजेश कुमार, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, विधायक नबीनगर विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, विधायक गोह भीम सिंह,विधायक ओबरा ऋषि कुमार, अध्यक्ष जिला परिषद प्रमिला देवी, जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, सिविल सर्जन रवि भूषण कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मंजू प्रसाद, डीटीओ शैलेश कुमार दास, डीसीएलआर सच्चिदानंद सुमन, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक नभ वैभव, डीपीओ अविनाश कुमार, एडीसीपी अनिता कुमारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी नीलम मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, सभी कार्यपालक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कुचाई में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन,स्वास्थ्य सुविधाओं व योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों व्यक्ति को मिले राज्य सरकार का उद्देश्य-गागराई

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां कुचाई प्रखंड के बिरसा स्टेडियम में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया.स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन स्थानीय विधायक दशरथ गागराई,जिला के सिविल सर्जन डॉ अजय कुमार सिन्हा,सीओ रवि कुमार,सीएचसी प्रभारी डॉ सुजीत मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि अनुप सिंह देव,विधायक के धर्म पत्नी बासंती गागराई ने दीप प्रज्वलित कर किया.मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से आम जनों के लिए हमारी सरकार पंचायतों एवं प्रखंडो में स्वास्थ्य सेवा दें रही है.उन्होंने कहा कि आगे भी गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को ओर बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किये जायेंगे.गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र के भवनों को दुरुस्त किया जा रहा है.उन्होंने उपस्थित लोगों से भी स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने की अपील की.मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार मुर्मू ने लोगों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी.उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की बीमारी होने पर अस्पताल पहुंचे.उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाते हुए निरोग रहने की अपील की.स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य जांच करने के लिये पहुंचे थे. शिविर में कुल 367 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी,इसमें से 51 वरीष्ठ नागरिक,153 पुरुष व 163 महिला शामिल थी.मौके पर विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा,अंचल अधिकारी रवि कुमार,बीडीओ सुजाता कुजूर, सीएचसी प्रभारी डॉ सुजीत मुर्मू, अंचल लिपिक भीम प्रसाद उपाध्याय, डॉ सुशील कुमार,डॉ सुनिता मार्डी,डॉ माधुरी हेम्ब्रम,अनुप सिंहदेव,मुखिया रेखामुनी उरांव,मुन्ना सोय राहुल सोय, धनश्याम सोय,दशरथ उरांव आदि उपस्थित थे.



## पहाड़पुर पंचायत भवन में समीक्षा बैठक , सरकारी योजनाओ पर चर्चा

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत भवन में शुक्रवार को पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक किया गया जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुद्रा लोन, आधुनिक कृषि पद्धति, टपक सिंचाई योजना, एग्री स्मार्ट विलेज, ऋण कृषि योजना, कृषि लोन प्रति एकड़ 25000 रुपया से 31000 तक देने का प्रावधान, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, जेएसएलपीएस के योजना गाय पालन, बकरी पालन, सुअर पालन आदि योजना की समीक्षा किया गया । बैठक में कृषि पदाधिकारी सुशील महतो ,स्वास्थ विभाग के पदाधिकारी के एएनएम नविता कुमारी,स्वयंसेवक मनमोहन सिंह, ग्राम प्रधान गणेश चंद्र महतो, वार्ड सदस्य मान सिंह, भ्रमर पहाड़िया, निखिल महतो टाटा स्टील धनंजय महतो, शिक्षक जीवन महतो, हलधर कुंभकार, गोपाल सिंह पंचायत सचिव पाठक कुंभकार आदि उपस्थित थे।



## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा व सभा को लेकर एमजीएम मंडल में हुई तैयारी बैठक

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : आगामी 5 अक्टूबर को भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटमदा में संकल्प यात्रा के क्रम में सभा का आयोजन होगा। इसके लिए शुक्रवार को जुगसलाई विधानसभा की समन्वय कमेटी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक एमजीएम मंडल के मुखियाडांगा में संपन्न हुई। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी ने बताया कि सभा को ऐतिहासिक रूप से संपन्न करने का निर्णय लिया गया है बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के कोल्हान प्रमंडल प्रभारी विनोद सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचीराम बाउरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मंत्री नीलू मछुआ व जितेंद्र राय, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित थे।



## तिलोपदा पंचायत के मुखिया वन विभाग अंचल अधिकारी व झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के प्रभारी ने गोपीडीह गांव के वन क्षेत्र का किया स्थल निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां वन अधिकार कानून 2012 धारा 12(1)और 12 क (1) के तहत भौतिक सत्यापन व वन अधिकार नियम 2012 नियम 12(1च) के अंतर्गत कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत के गोपीडीह गांव के वन क्षेत्र का सीमांकन कार्यवाही वन अधिकार समिति गोपी दी को ग्राम सभा गोपी जी के नेतृत्व में स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मुख्य रूप से तिलोपपादा पंचायत के मुखिया रामसोय कुचाई आंचल के राजस्व कर्मचारी सुरेश मंडा वन विभाग के अमित पटनायक सरोज माहली एवं झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के प्रखंड प्रभारी भरत सिंह मुंडा उपस्थित हुए। मौके पर प्रखंड प्रभारी भरत सिंह मुंडा ने अंचल कर्मी व वन कर्मियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि काफी कीमती समय निकाल कर स्थल निरीक्षण में समय दिए। झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन वन विभाग व अंचल की एक आपस में समन्वय स्थापित करते हुए।अधूरी कार्यो को पूरा किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम मुंडा गोपीनाथ मुंडा अध्यक्ष साधु चरण सुंडी कृष्ण चंद्र सोय मनोज मुदुईया ब्रजमोहन सोय गणेश भूमिज शंकर सोय व गांव के चौवादी आदि मौजूद थे।



## चांडिल के दलमा सेंचुरी की तराई काठजोड़ में अवैध देशी शराब भट्ठी को किया गया ध्वस्त, 30 लीटर महुआ शराब जब्त

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**


चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डॉ० विमल कुमार के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में तेजी से अभियान चलाने को दिया गया निर्देश।

नशा मुक्ति अभियान के तहत चांडिल थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात में छापामारी अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार की सुबह दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी गज परियोजना के तराई में बसे काठजोड़ बहुल आदिवासी गांव में अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया।

काठजोड़ गांव में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब फल फूल रहा था । जहां पुलिस की छापामारी की भनक लगते ही शराब भट्ठी संचालक भाग गए।

600 से 800 किलो जावा महुआ किया गया नष्ट ।

पुलिस ने अपने अभियान के दौरान काठजोड़ में अवैध शराब भट्ठी से 25/ 30 लीटर महुआ शराब बरामद किया है. वहीं भट्ठी में 600 से 800 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। इसके साथ भट्ठी को पूरी तरह से ध्वस्त कर शराब बनाने के उपयोग में लाए जाने वाले सभी सामग्रियों को नष्ट कर दिया गया । हालांकि इस दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार सभी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। विदित हो कि जिला पुलिस इन दिनों नशे के खिलाफ अभियान चला रही है। इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है। इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी ने कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने नशा का कारोबार करने वालों को इस गौरखधंधे को छोड़ने की हिदायत दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा जहां समाज को धीरे-धीरे खोखला कर रहा है।



वहीं आने वाली पीढ़ी को भी कमजोर और पंगु बना रहा है। उन्होंने समाज के गणमान्यों से भी इस दिशा में पहल करते हुए नशा मुक्ति अभियान को मुकाम तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की है,नशा का कारोबार चाहे किसी भी प्रकार को थाना क्षेत्र में चलने नहीं दिया जाएगा।

सूत्र के अनुसार : जिला मद उत्पादन विभाग द्वारा देशी शराब भाटी चलाने वाले माफिया के ऊपर कारवाई करता था ।लेकिन स्थानीय थाना पुलिस वल की सहयोग नही मिलने के कारण संचालक देशी महुआ उत्पादन करने वाले माफिया भाग जाता और मद उत्पादन विभाग द्वारा बदले में भाटी की उपकरण को जब्त करके ले जाते थे। ओर एक छोटा केस पर माफिया जिला में जाकर हजार पांच हजार रुपया जुमार्ना देकर पूर्ण रूप से दुबारा देशी शराब की चुलाई जारी रहता।

एक दशक था जब दलमा जंगल क्षेत्र का बोलबाला था उस समय इस क्षेत्र में देशी शराब बनाने पर प्रतिबंध लगा था और उस पर नक्सली द्वारा उन शराब बनाने वाले पर कारवाई करता था ।जिसका डर से कोई ग्रामीण शराव चुलाने पर डरता था।आज बेखोप से देशी दारू का भाटी सुचारू रूप चल रहा हे। देशी शराब की चुलाई होने से दलमा सेंचुरी खतरे में धड़ल्ले से पेड़ की कटाई और शराब भाटी ने जलकर राख होता हे ।साथ सेंचुरी हाथी महुआ और जावा खा कर मदहोश होकर गांव में प्रवेश करके उत्पात मचाते हे । जिसके कारण हाथी की झुंड भोजन और महुआ जावा की तलास में तराई क्षेत्र गांव में पहुंच जाते हे ओर उत्पात मचाते हे ।जिसे जनजीवन हाथी की डर से साम होते ही मनुष्य घर से नही निकलते है। कई बार वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा जिला पुलिस को सूचना भी दिए हे ।लेकिन कोई कारवाई नही होता था।

# यूभीके कॉलेज कड़ामा बना द्वितीय चरण में नैक ग्रेडिंग प्राप्त करने वाला बी एन मंडल विश्वविद्यालय का इकलौता कॉलेज

## अगले एक वर्ष के अंदर महाविद्यालय में उदयनाचार्य शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी: डा. माधवेन्द्र

**मधेपुरा /डा. रूद्र किंकर वर्मा।** पुरैनी प्रखंड क्षेत्र के कड़ामा स्थित यू भी के कॉलेज को नैक पीयर टीम के द्वारा द्वितीय चक्र बी ग्रेडिंग दी गई। विश्वविद्यालय के एकमात्र संबद्धता प्राप्त कॉलेज को मिली। इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति सहित कई अन्य ने प्रधानाचार्य को बधाई व शुभकामनाएं दी।मालूम हो की यूजीसी के द्वारा गठित नैक पीयर टीम द्वारा बीते 28 व 29 अगस्त को महाविद्यालय के सभी विभागों का गहनता से निरीक्षण किया गया था।निरीक्षण के 15 दिन बाद यूजीसी के नैक पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय को बी ग्रेड दिया गया। जिसकी सूचना 14 सितंबर को मेल के द्वारा महाविद्यालय दी गई। ग्रेडिंग की सूचना जब भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा को प्राप्त हुई तो सभी ने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. माधवेंद्र झा व सभी शिक्षक शिक्षक कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। ग्रेडिंग प्राप्त होने के बाद शुक्रवार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा ने कॉलेज में प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सफलता पर बधाई का पहला हकदार कॉलेज के शिक्षक व कर्मचारियों हैं जिनके अथक प्रयास से महाविद्यालय को यह सफलता मिली है। डा.झा ने बताया कि सुदूर देहात में स्थापित इस कॉलेज को नैक पीयर टीम द्वारा इस कॉलेज में पीजी की पढ़ाई करवाने, कॉलेज को जल्द



अंगीभूत भूत करने का रिकोमेंट किया गया है इसके साथ ही उदयनाचार्य के नाम पर यहां एक शोध संस्थान स्थापित करने की सलाह दी गई है। जल्द ही महाविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय को पीजी की पढ़ाई प्रारंभ करवाने के लिए पत्र भेजा जाएगा। साथ ही कॉलेज को अंगीभूत करने के लिए सरकार व शिक्षा विभाग तथा कुलपति को पत्र भेजा जाएगा। अगले एक वर्ष के अंदर महाविद्यालय में उदयनाचार्य शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी। जहां उनके द्वारा लिखित पुस्तक व उनकी कृति मौजूद रहेंगी। जिन पर छात्र-छात्राएं आगे शोध कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों को छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा की महाविद्यालय आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए, रोजगार परक शिक्षा देने के लिए व उच्च संस्कार भरने के लिए हमेशा कटिबध्द है। प्रेस वार्ता के दौरान मौके पर उप प्रधानाचार्य डॉक्टर ललन कुमार झा, कम्युनिटी कॉलेज के निदेशक डॉक्टर ई.सिप्पू कुमार, डॉ शेखर झा, प्रोफेसर ओम प्रकाश यादव,प्रोफेसर अमरेंद्र झा, प्रोफेसर प्रकाश कुमार प्रकाश, प्रोफेसर चंद्रशेखर, प्रोफेसर विनोद शंकर सिंह, प्रोफेसर शिव कुमार यादव, प्रोफेसर शिव किशोर सिंह, प्रोफेसर राजीव कुमार रमन, प्रोफेसर नेहरू प्रसाद चौधरी, हरिओम कुमार, अभिनव कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# जनता दल यूनाइटेड कला संस्कृति युवा एवं खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने पूर्व क्रिकेटर जितेंद्र कुमार सिन्हा " गोपी "

*" गोपी " को ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने तहे दिल से दी हार्दिक बधाई खिलाड़ियों ने कहा समर्पित पूर्व खिलाड़ियों को पूणिया जैसे महत्वपूर्ण जिला का अध्यक्ष बनाने पर मुख्यमंत्री को शुक्रिया*

**पूणिया ।** जनता दल यूनाइटेड खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह ने कला, संस्कृति, युवा एवं खेल प्रकोष्ठ कमेटी का गठन किया है जिसमें पूर्णिया से पूर्व क्रिकेटर व समर्पित खिलाड़ी श्री जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ गोपी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है क्रिकेटरों में उत्साह का माहौल है अपने बीच से समर्पित पूर्व खिलाड़ियों को जिला अध्यक्ष जैसा पद पर मनोनीत किया जाना एक बहुत बड़ी बात है। जनता दल यूनाइटेड से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करते हैं। श्री जितेन्द्र कुमार सिन्हा " गोपी " ने कहा कि हम सभी मिलकर जिलों में खेल के माहौल को और अधिक बनाने का प्रयास करूंगा। साथ ही सरकारी विद्यालय में सरकार के द्वारा दी जा रही राशि का खिलाड़ियों के लिए सही इस्तेमाल इसको भी सुनिश्चित करूंगा। इधर " गोपी " को ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने तहे दिल से दी हार्दिक बधाई खिलाड़ियों ने कहा समर्पित पूर्व खिलाड़ियों को पूणिया जैसे महत्वपूर्ण जिला का अध्यक्ष बनाने पर मुख्यमंत्री को शुक्रिया कहा।

# कॉमर्स कॉलेज के अतिथि सहायक प्राध्यापक डा. आर के वर्मा एवम डा. शाकीबुर्र रहमान को प्रदेश जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के महासचिव का कमान

**मधेपुरा।** बिहार प्रदेश जदयू अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा के साथ बिहार प्रदेश जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अमरदीप ने जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के 41 जिला अध्यक्षों, 10 नगर अध्यक्षों एवं 108 प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष डा अमरदीप ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं हम सबके नेता श्रद्धेय श्री नीतीश कुमार के विचारों एवं आदर्शों पर चलते हुए प्रकोष्ठ को नई ऊँचाई देंगे, ऐसी अपेक्षा है। इधर भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा के अतिथि सहायक प्राध्यापक डा. आर के वर्मा एवम डा. शाकीबुर्र रहमान को प्रदेश जद यू शिक्षा प्रकोष्ठ के महासचिव का कमान मिलने पर मधेपुरा जिला जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# फाइलेरिया से जुड़े मिथक दूर कर रहा है रोगी सहायता समूह

*जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हो रहा सफल संचालन*

*फाइलेरिया मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध है सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं*

**अररिया ।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए रोग प्रबंधन व दिव्यांगता रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसे लेकर फाइलेरिया मरीजों को रोग प्रभावित अंगो की समुचित सफाई के तकनीक से अवगत कराते हुए उन्हें एमएमडीपी किट मुहैया कराया जा रहा है। फाइलेरिया मरीजों को समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये जिले में अनुमंडल अस्पताल फारिसगंज व रानीगंज रेफरल अस्पताल में विशेष फाइलेरिया क्लिनिक संचालित है। फाइलेरिया रोग पर प्रभावी नियंत्रण संबंधी उपायों की मजबूती में फाइलेरिया रोगी सहायता समूह अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। फाइलेरिया रोगी सहायता समूह नेटवर्क के सदस्य फाइलेरिया के नये मरीजों को चिह्नित करने व उन तक जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में मददगार साबित हो रहा है।

**समुदाय स्तर पर लोगों को किया जा रहा जागरूक**

फाइलेरिया रोगी सहायता समूह के सदस्य समुदाय में लोगों को फाइलेरिया रोग से जुड़े विभिन्न पहलूओं के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। जानकारी देते हुए डीवीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह ने बताया कि रोग के जागरूकता किसी भी रोग से बचाव का महत्वपूर्ण जरिया है। रोगी सहायता समूह फाइलेरिया के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बीमारी से जुड़े मिथक को दूर कर रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मरीजों को सभी जरूरी चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। फाइलेरिया क्लिनिक का संचालन इस दिशा में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया के नये मरीजों को रोग प्रबंधन तकनीक से अवगत कराते हुए एमएमडीपी किट मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही हाईड्रोसिल मरीजों को सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। फाइलेरिया मरीजों के लिये सभी जरूरी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क होने की जानकारी उन्होंने दी।



**जिले में फाइलेरिया के कुल 1476 मरीज**

जिले में फाइलेरिया के कुल 1476 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसिल के 450 व हाथी पांव के 1026 मरीज शामिल हैं। फाइलेरिया मरीजों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में रोगी सहायता समूह के सदस्य सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। साथ ही समूह की मासिक बैठकों में रोग प्रबंधन व इसे नियंत्रण से जुड़े पहलूओं पर विस्तृत चर्चा करते समुदाय स्तर इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले में फिलहाल 20 रोगी सहायता समूह सक्रिय है। अररिया, फारबिसगंज व रानीगंज प्रखंड में सक्रिय इन समूह के माध्यम से सामुदायिक स्तर जन जागरूकता फैलाते हुए फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने की मुहिम को मजबूत बनाया जा रहा है। जिले में लगातार मजबूत हो फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सिविल सर्जन विधानचंद्र सिंह ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में जिला निरंतर तरक्की कर रहा है। बीते दिनों फाइलेरिया मरीजों की खोज के लिये जिले में संचालित नाइट ब्लड सर्वे के दौरान जिले में फाइलेरिया के महज दो नये मरीज मिले। निर्धारित सर्वे के दौरान किसी साइट पर एक प्रतिशत मरीज नहीं मिले। इस कारण जिले में प्रस्तावित सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम भी टल गया। जो निःसंदेह फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी कामयाबी है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जोगबनी आगमन आज आईसीपी , बीजीएफ भवन का करेंगे उद्घाटन: किमी आनंद

**जोगबनी ।** आईसीपी जोगबनी के बगल में बोर्डर गार्डेड फोर्स के आवासीय भवन का शुभारंभ करने 16 सितंबर को जोगबनी ( अररिया ) आ रहे माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा लोकसभा अररिया की मीडिया संयोजक अभिनव आनंद उर्फ किमी आनंद ने कहा कि स्थानीय प्रशासन व कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल पहुँचेंगे जोगबनी आईसीपी , बीजीएफ भवन के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओ के साथ बैठक करेंगें, बैठक को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# केशर कुमार सिंह बने भिंड लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक

**मधेपुरा ।** सहरसा जिले के हरिपुरा निवासी बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केसर कुमार सिंह को आगामी विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्य प्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाया है विभिन्न लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालेंगे केसर सिंह मंगलवार को भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की अध्यक्षता में एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एआईसीसी महासचिव संगठन केसि वेणुगोपाल एवं मध्य प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेबाला की मोजुदगी में आयोजित बैठक में हिस्सा लेने के बाद भिंड के लिए प्रस्थान कर गए इससे पहले श्री सिंह असम पश्चिम बंगाल कर्नाटक उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में संगठन एवं



चुनाव प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं इस उपलब्धि पर कांग्रेस जनों ने केंद्रीय नेतृत्व को बधाई दें बधाई देने वालों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह यादव, डॉ प्रो अरुण कुमार,बिष्णुदेव यादव बिक्रम, बिजय जैन,इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, कंस्ट्रक्शन लेबर यूनियन के जिला अध्यक्ष हीरा पासवान, बिष्णु देव सिंह, पुरुषोत्तम अग्रवाल,राम लखन यादव ,बिजय जैन , चितरंजन कुमार सिंह,शंभु सिंह,बंटि सिंह, प्रमोद कुमार पप्पू,

# माननीय उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी के कटिहार आगमन की तैयारी को लेकर राजद अररिया की टीम सांसद जनाब डा. अशफाक करीम साहब से मिला

## संगठन आदि मुद्दे पर हुई जमकर बातें: मनीष यादव

**कटिहार/अररिया।** राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद एवम् कटिहार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के संस्थापक आदरणीय जनाब डा. अशफाक करीम साहब



से आज संगठन मजबूती तथा अगले महीने माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के संभावित दौरे को लेकर राजद जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव जी एवं जिला प्रधान महासचिव श्री मनोज विश्वास जी जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात हुई। इस मौके पर पूर्णिया राजद जिलाध्यक्ष श्री मिथिलेश दास जी भी उपस्थित थे। माननीय सांसद महोदय के आवास पर ही हम सबों ने भोजन किया। इस अवसर पर राजद प्रदेश महासचिव श्री समरेंद्र कुणाल जी एवं अन्य नेता उपस्थित थे।

# नहीं रहे पेंसनर समाज के वयोवृद्ध सदस्य लाला कलानंद प्रसाद

**जोगबनी ।** बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज के सदस्य कोशकापुर (नरपतगंज) निवासी वर्तमान में नगर परिषद फारबिसगंज पावर हाऊस के निकट वार्ड नंबर 9 के रहने वाले लाला कलानंद प्रसाद का आकस्मिक निधन विगत दिनों 12 सितंबर 2023 के प्रातः साढ़े सात बजे इलाज के दौरान हो गया ।वे लगभग 83 वर्ष के थे ।वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गये ।उनकी पत्नी पूर्व हीं गुजर चुकी थी । मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र राजेश कुमार सिन्हा ने दिया ।ज्ञात होने पर पेंसनर समाज के उपसभापति शिवनारायण दास उर्फ भानू जी,सचिव मधुसूदन वर्मा,उपसभापति सच्चिदानंद मेहता,संयुक्तसचिव योगनारायण



मंडल, संयुक्तसचिव सह मीडियाप्रभारी बिद्यानंद पासवान ने उनके निवास स्थान पर जा कर सन्तावना दिए । उनके निधन से पेंसनर समाज के लोग मर्माहत हैं सभापति उमेश प्रसाद दास,मनोरंजन प्रसाद,शान्ति कुमारी,मोहन मिश्र,हरिशंकर झा खड़ानंद साह,दिलीप कुमार अग्रवाल,विमल कुमार मंडल,रामप्रकाश यादव आदि ने निधन पर शोक जताया।

# पालीगंज में बिहटा औरंगाबाद रेलवे परियोजना को लेकर चलाया जनसम्पर्क अभियान

**समाज जागरण संवाददाता;- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांवों में शुक्रवार को बिहटा औरंगाबाद रेलवे परियोजना को लेकर रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकताओं ने चलाया जन सम्पर्क अभियान। जानकारी के अनुसार बिहटा औरंगाबाद रेलवे परियोजना को लेकर फिर से आंदोलन की शुरूआत तेज हो गयी है। इस आंदोलन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को गाँव गाँव में बिहटा औरंगाबाद रेलवे संघर्ष समिति के कार्यकताओं के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस रेल परियोजना को लेकर कई वर्षों से आंदोलन किया जा रहा है लेकिन केन्द्र सरकार हर बार इस योजना के प्रति सोई हुई नजर आयी है। हर बजट में ऊँट के मुँह जीरा वाला बजट इस परियोजना को दिया जाता है जो इस क्षेत्र की जनता के साथ मजाक है। हर बार चुनाव के समय



जनता को अंधकार में रखने के लिए जूठा वादा किया जाता है। इसका दुबारा शिलान्यास करने की बात बोलकर चुनाव के समय जनता का वोट लेकर धोखा दिया जाता है। पिछले लोकसभा में बिहार के 39 सांसद एन डी ए सरकार को सरकार बनाने में सहयोग किया था। इजके बावजूद बिहटा औरंगाबाद रेल परियोजना की आस में आज भी जनता आस लगाई हुई है कि इस बजट में राशि मिलेगी। वही शिलान्यास के 16 साल बीत जाने के बाद भी राशि नही मिल पाई है। इससे इस क्षेत्र की जनता में काफी निराशा है। वही कार्यकर्ताओ ने बताया कि इस बार आर पार की लड़ाई होगी। इसी तैयारी को लेकर आगामी 25 सितम्बर को दिल्ली के जंतर मंतर पे हमलोग आंदोलन करने जा रहे है इस आंदोलन में पाली, दुल्हनिबाजार अरवल, दाउदनगर, औरंगाबाद की जनता हजारों की संख्या में आंदोलन में भाग लेने दिल्ली जंतर मंतर पे पहुँच रहे है।

# के एन डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक नाथ झा ने समाजसेवी संजय मिश्रा को किया सम्मानित

## समाजसेवी संजय मिश्रा का कॉलेज आगमन सौभाग्य की बात – प्रिंसिपल

**कुसार्कांटा ।** एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा शुक्रवार को कलानंद नित्यानंद डिग्री कॉलेज बखरी कुसार्कांटा पहुंचे ।जहा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक नाथ झा ने बुके देकर स्वागत किया व मिथिला परंपरा को बढ़ावा देते हुए पाग व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं श्री मिश्रा ने कॉलेज प्रांगण की व्यवस्था



देख मंत्र मुग्ध हो गए।साथ ही उन्होंने कहा महाविद्यालय के संस्थापक सह प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोक बाबू का प्रयास रंग लाएगा ।छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा खासकर बैचलर डिग्री प्राप्त करने के लिए अररिया पूर्णिया पटना एवं महानगरों का रुख नहीं करना होगा।इस क्षेत्र के छात्र छात्राओं को बेहतर व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा यही प्राप्त होगी।इस हिम्मत भरे कदम के लिए पूरे कॉलेज टीम को बहुत बहुत शुभकामना देते है व आभार प्रकट करते है।

# गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी उत्साह: प्रवीण कुमार

**फारबिसगंज ।** भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट जोगबनी में पहली बार गृह मंत्री अमित शाह के आगमन आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाजयुमो कार्यकर्ता सहित सैकड़ों युवा भाग लेंगे उक्त बातें भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने गृहमंत्री के कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर जिला अध्यक्ष आकाश राज एवं जिला महामंत्री अमन राज ,दीपक मंडल सहित युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों के बैठक में समीक्षा उपरांत कही प्रदेश उवाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि गृहमंत्री श्री शाह के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में काफी उत्साह वयाप्त है इस हेतु



जिला के प्रत्येक मंडल व शक्ति केंद्र से सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता की भागीदारी होगी कहा कि गृह मंत्री आगमन से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस सीमावर्ती अररिया जिला के लोगों खासकर युवाओं में राष्ट्रीय भावना के जज्बे को ना सिर्फ मजबूत करेगा। बल्कि नई ऊर्जा का संचार करेग।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष बुलबुल यादव, संदीप शर्मा, जिला मंत्री उमेश राणा, विपुल सिंह आदि युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय धसनियाँ में मासिक संगोष्ठी सह कार्यशाला आयोजित।

## विभिन्न कार्यक्रमों की बीईओ ने की समीक्षा,दिया दिशा कई निर्देश--मिलन घोष

**प्रखंड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा (झारखण्ड )**

फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय धसनियाँ परिसर में शुक्रवार को मासिक संगोष्ठी सह कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष को माला पहना कर एवं पगड़ीबांध कर स्वागत किया। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष ने विधिवत दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुभारंभ किया।उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए सभी विद्यालय के सचिवों से विद्यालय संचालन हेतु संबंधित आवश्यक जानकारी लेने के बाद आधार सीडिंग,प्रयास कार्यक्रम,अकांक्षी ब्लॉक ,स्वच्छता पखवाड़ा, विद्यालय की साफ सफाई , घंटी का प्रयोग, पोषण वाटिका , जन्म प्रमाणपत्र और जाति प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों की समीक्षा किया उन्होंने विद्यालय सचिव को विद्यालय के शत प्रतिशत बच्चों का नजदीकी पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय के सचिवों को विद्यालय में मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन संचालन करने तथा प्रतिदिन 11 बजे तक एमडीएम का मैसेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र के बच्चों के लिए बाल संसद का गठन और प्रयास पंजी का संधारण , रेल कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक मूल्यांकन और परीक्षाफल संधारण करने का निर्देश दिया विद्यालय के बच्चों का शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक कागजात यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर विद्यालय के सहित प्रखंड के सभी विद्यालय के सचिव ललिन सोरेन, आशिष सामन्त गौर बरण यादव,सुख सागर मंडल,छोटेलाल राय , प्रणव मंडल आदि उपस्थित थे।

# जलावन के लिए कोयला लाने गई महिला के साथ पुरुष सुरक्षा कर्मी ने किया दुर्व्यवहार : कार्रवाई की मांग

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)15 सितम्बर 2023: जिले के टंडवा के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र से जलावन के लिये कोयला चुनने गई एक महिला के साथ एक पुरुष सुरक्षाकर्मी द्वारा छीना-झपटी व जोर जबरदस्ती करने का एक मामला प्रकाश में आया है। वहीं दो दिनों से सोशल मीडिया में लगातार वीडीयो तेजी से वायरल हो रहा है एवं लोग दोषी पुलिस कर्मी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार महिला सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के पचड़ा गांव की रहने वाली है जो बुधवार सुबह को जलावन के लिये कोयला चुनने के दौरान परियोजना क्षेत्र में कार्यरत सिमरिया के सबानो गांव का एक सुरक्षाकर्मी द्वारा उसके साथ काफी अपमानजनक दुर्व्यवहार करने की बातें कही जा रही है। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होते हीं लोगों में अब खाशा आक्रोश देखा जा रहा है। कसियाडीह पंचायत समिति सदस्य राजेश चौधरी ने बयान जारी करते हुवे कहा कि महिला के साथ पुलिस सुरक्षाकर्मी का अपनाया गया व्यवहार आक्रोशकारी व शर्मनाक है। प्रबंधन त्वरित संज्ञान लेते हुवे समुचित कार्रवाई नहीं करती है तो आंदोलन किया जाएगा। राजद प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि परियोजना विस्तारीकरण में जंगल उजड़ने से वनोत्पाद पर स्थानीय आश्रितों की जीविका तबाह हो चुकी है। लोगों के लिए रोजी-रोजगार का सृजन प्रबंधन करे तथा त्वरित संज्ञान लेते हुवे आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई हो। भुक्तभोगी महिला ने बताया कि काफी अनुनय-विनय करने के बावजूद भी उसके साथ सुरक्षाकर्मी जोर जबरदस्ती करता रहा । इस मामले में जीएम अमरेश सिंह ने कहा कि सुरक्षाकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा था। परियोजना क्षेत्र से कोयला ले जाना जुर्म है।

# अररिया पुलिस ने पैकेट बंद कुल 602 किलो गांजा को किया जप्त

**अररिया।** नगर थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों पर बड़ी कार्रवाई

अररिया नगर थाना पुलिस द्वारा चोरी के जप्त किए गए पैकेट बंद कुल 602 किलो गांजा को जप्त किया गया। इधर डी आई यू टीम अररिया पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए रानीगंज थाना अंतर्गत ग्राम इंदरपुर के पास पुआल लदे पिकअप गाड़ी में



छुपा कर ले जाए जा रहे कई ब्रांडों के कुल 526.35 लीटर विदेशी शराब को पिकअप के साथ जप्त किया ।

# जिप अध्यक्ष ममता कुमारी और उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया "चलो करे आवास पूरा" कार्यशाला का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखण्ड)15 सितम्बर 2023:- जिले के समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत "चलो करे आवास पूरा" के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने "चलो करे आवास पूरा" कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। परियोजना पदाधिकारी रूपेश तिवारी ने जानकारी दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चतरा जिला में अब तक कुल 82889 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी है,

# मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का काम कर रहा बिंदकी बस स्टॉप खलील नगर इलाके पर संचालित अपूर्वा पाली क्लीनिक


**फतेहपुर सीएमओ साहब एक नजर इधर भी**

**चोरी की फोटो कॉपी लगा पॉली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन सूत्र**

**मानक विहीन अपूर्वा पाली क्लीनिक में नहीं है मरीजों की जीवन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**





फतेहपुर बिना डॉक्टर के परमीशन के बगैर चोरी से की गई फोटो कॉपी तो पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन के लिए सीएमओ साहब के दफ्तर तक पहुंच गई और स्वास्थ विभाग की टीम क्लीनिक का निरीक्षण भी कर लिया जबकि पॉली क्लीनिक में ओटी का होना भी अवैध है लेकिन स्वास्थ विभाग की टीम को ठेंगा दिखाते हुए ओटी मे ताला लगा और अवैध समान को वहा से हटा कर मानक को पूरा दिखा दिया गया जबकि नियम यह है कि जो डॉक्टर जिस नर्सिंग होम पाली क्लीनिक या हॉस्पिटल में जो भी अपने कागज लगाएगा तो वह उस नर्सिंग होम और पाली क्लीनिक में अपनी सेवाएं देगा और उसकी सारी जिम्मेदारी होगी लेकिन मजे की बात यह है कि जब इसकी भनक मीडिया के कानो तक पहुंची तो मीडिया वालों ने जब डॉक्टर से कागज और पाली क्लीनिक में बैठ कर मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी लिया तो डॉक्टर ने अपने कागज और अपनी सेवाएं देने से साफ मना कर दिया की मुझे तो इसकी जानकारी भी नहीं है कि मेरे कागज का प्रयोग कर पॉली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन हो रहा है और ये सब मेरे जानकारी में भी नही है की मेरा कागज कहा लग रहा है अगर इसी कोई बात है तो मै खुद इसकी जानकारी सीएमओ आफिस से करूगी!? और अगर मेरे अनुमति बगैर मेरे कागज का प्रयोग बगैर मेरे अनुमति के हो रहा है तो मै संचालिका के उपर कानूनी कार्यवाही करूगी!

जी हां हम बात कर रहे हैं बिंदकी बस स्टॉप खलील नगर मुस्लिम इंटर कालेज के पास संचालित अपूर्वा पाली क्लीनिक की जो इसके पहले काव्या नर्सिंग होम के नाम से संचालित था जो की अवैध कार्यों मे लिप्त था रोजाना के सात से आठ आबर्सन चोरी छिपे आशा बहुओं और दलालों के द्वारा लाकर किया जाता था जिसकी शिकायत का वीडियो मीडिया तक पहुंचा और मीडिया ने संज्ञान में लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया और डिप्टी सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से छापा मारकर काव्या नर्सिंग होम को सीज कर दिया था जो की पूर्ण रूप से फर्जी था दो तीन माह तक नर्सिंग होम बन्द होने से काव्या नर्सिंग होम की संचालिका अशोक कुमारी बौखला गई थी और अपने मर-ीजों को लेकर इधर उधर भर्ती करती रहीं लेकिन पैसा और पहुंच के आगे एक बार फिर से स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और अब चोरी की फोटो कॉपी के जरिए अपने नर्सिंग होम का नाम बदल कर अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया जबकि मजे की बात यह है की जिस डॉक्टर के कागज अपूर्वा पॉली क्लीनिक में लगा कर राजिस्टेशन करवाया जा रहा है उस डॉक्टर को इसकी भनक तक नहीं है जबकि इसके पहले भी अशोक कुमारी ने अपना पहला अस्पताल लोधी गंज में मां हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया था और वहाँ दो तीन मौतों के बाद डिप्टी सीएमओ एस्त्याक अहमद ने पुलिस प्रशासन की मौजूदमी में सीज कर बन्द करवा दिया था इसके बाद अशोक कुमारी ने अपना दूसरा नर्सिंग होम काव्या नर्सिंग होम के नाम से बिंदकी बस स्टॉप के पास खलील नगर में खोला जहा रोज अनलीगल केस कर आशा बहुओं और दलालों के साठ गांठ से मरीजों को लूटती रही जहा रोजाना सात आठ अबारसन किया जाता था जिसकी भनक मीडिया के कानो में पड़ी और मीडिया ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और स्वास्थ विभाग की टीम ने छापा मारकर अवैध नर्सिंग होम को फिर सीज कर दिया लेकिन पैसे और पहुंच के कारण एक बार फिर स्वास्थ विभाग को झुकना पड़ा सीज अस्पताल का ताला खोलना पड़ा और अब काव्या नर्सिंग होम की जगह अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया गया जबकि जो डॉक्टर के कागज अपूर्वा पाली क्लीनिक में दिखाया गया है वह पूरी तरह से फर्जी है डॉक्टर को खुद नही मालूम की मेरे कागज कहा लग रहे हैं सवाल यह उठता है की चोरी के कागज से पाली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन तो हो जायेगा लेकिन अगर फिर कोई घटना हुई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा जेल कौन जायेगा डॉक्टर साहब या अशोक कुमारी या जो क्लीनिक का संचालक सीएमओ साहब जरा एक बार पुनः इसकी जांच करले और फिर रजिस्ट्रेशन नंबर दे किसी के जिन्दगी से खिलवाड़ न करे!?

# बस स्टाप को छोड़कर सड़क पर खड़ी होती हैं रोडवेज बसें डग्गा मार वाहन हुए अनियंत्रित

***रोडवेज बसों, डग्गामार वाहनों की प्रतिस्पर्धा से लग जाता हैं भीषण जाम राहगीरों को होती हैं भारी परेशानी***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। करोड़ों की लागत से यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया फतेहपुर रोडवेज बस स्टाप इन दिनों व्यर्थ प्रतीत हो रहा है यात्री बसें सड़क पर ही खड़ी होती हैं जिसके कारण यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है विकलांगो बुजुर्गो महिलाओं बच्चो को सड़क किनारे भीड़ के बीच खड़ी बसों मे चढ़ना परेशानी का सबब बन जाता हैं। वही शहर के प्रमुख चौराहे ज्वालागंज के करीब जब रोड़ वेज तथा डग्गामार वाहन सड़क पर खड़े हो कर सवारिया भरते हैं तो सड़क पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं नगरवासियों का निकलना मुश्किल हो जाता हैं व्यस्तम सड़क होने के कारण यात्रियों को बसों मे चढ़ने उतरने मे भारी कठनाइयों का सामना करना पड़ता है। अवैध डग्गामार वाहन स्टैंड शासकीय आदेशों को चुनौती देते हुए रोड़ वेज बस स्टैड से महज 30 मीटर की दूरी पर चलाया जा रहा है। जब की




शासन के द्वारा साफ आदेश जारी किया गया है कि रोड़ वेज बस स्टाप से कम से कम एक किलोमीटर की दूरी तक कोई भी डग्गामार वाहन स्टैंड संचालित नही किया जा सकता। चौराहे पर यातायात पुलिस मौजूद रहती हैं लेकिन यातायात पुलिस को डग्गामार वाहन क्यों नही दिखाई पड़ते हैं। बेखौफ डग्गामार वाहनों तथा रोडवेज बसों की प्रतिस्पर्धा की वजह से जहां रोडवेज विभाग को लाखो का नुकसान हो रहा है वही यात्रियों को भारी अस-ुविधा का सामना करना पड़ रहा है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है । सूत्रों के अनुसार अवैध वाहन स्टैंड से हर महीने विभाग को दी जाती हैं मोटी रकम इसलिए डग्गामार वाहनों में तय सीमा से अधिक सावरिया ठूस ठूस कर भरी जाती हैं और यातायात पुलिस मूक दर्शक बनी देखती रहती हैं।

विचारणीय विषय यह है की शहर का प्रमुख मार्ग होने के कारण इस मार्ग से शासकीय अधिकारियों,राज नेताओ, की आवागमन बनी रहती हैं उनकी निगाह अवैध डग्गामार वाहनों, बस स्टैड होते हुए भी सड़क पर खड़ी रोड़वेजो पर क्यो नही पड़ती। या किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

# विद्युत वितरण खंड प्रथम में बह रही है ईमानदारी की बयार

***उपखंड कार्यालय में एक बाबू के रहमों करम पर मसवानी मोहल्ले के दलाल की बोल रही है तूती***

***उपखंड अधिकारी की गैरमौजूदगी में बाबू और दलाल हो जाते हैं मालामाल***

फतेहपुर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी अधिशासी अभियंताओं और उपखंड अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि बिचौलियों के माध्यम से नहीं सीधे पीड़ित उपभोक्ताओं से संवाद करने के बाद उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाए । जनपद में ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का पूरी तरह से अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम में पालन होता नजर आ रहा है। अधिशासी अभियंता राज मंगल सिंह ने विद्युत वितरण खंड प्रथम का पदभार ग्रहण करने के बाद अपने मातहतों को बुलाकर कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए थे कि किसी भी सीट पर दलाल नजर नहीं आना चाहिए और उनके निर्देशों का पालन पूरी तरह से होता नजर आ रहा है। किंतु उनके नाक के नीचे उपखंड कार्यालय प्रथम में एक बाबू के रहमों करम पर मसवानी मोहल्ला निवासी एक दलाल की तूती बोल रही है। कार्यालय में बैठे बाबू से जब उपभोक्ता मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराता है तो बाबू अपने चहेते दलाल को बुलाकर उपभोक्ता द्वारा बताई गई समस्या से अवगत कराता है और दलाल को उपभोक्ता का मोबाइल नंबर देकर उपभोक्ता से संपर्क करने तथा काम करने के नाम पर मोटी रकम वसूल करके लाने के लिए कहता है। इस बात की डील बाबू और दलाल के बीच उस समय होती है जब उपखंड अधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं होते हैं। बाबू का चहेता दलाल सुबह 10:00 बजे से ही उपखंड कार्यालय पहुंच जाता है और अंदर प्रवेश तब करता है जब उपखंड अधिकारी फील्ड पर निकल जाते हैं। बाहरहाल कुछ भी हो यदि कार्यालय के बाबू की भ्रष्टाचार की जांच कर ली जाए तो भ्रष्टाचार का विशाल जिन्न सामने आ जाएगा।

# दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रेनू वर्मा की कुशल निर्देशन में एनएसएस एनसीसी रोवर्स रेंजर्स एवं खेलकूद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया नीर-क्षीर विवेकी निर्णायक मंडल के निष्पक्ष निर्णय से प्रतियोगिता में



प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु०,घना, मंतशा,प्राची प्रथम, द्वितीय नेहा दक्षभारती राठौर तथा तृतीय स्थान पर कु०सलोनी एवं नीतेश रहीं।
प्राचार्या प्रो०रेनू वर्मा ने विजयी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट करते हुए उन्होंने मानव जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला।
कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉक्टर संध्या चतुर्वेदी ने किया।
इस अवसर पर प्रो० विनीता गुप्ता, प्रो० विनीता यादव, प्रो० प्रेमलता,डॉ शिप्रा सिंह, डॉ शालिनी मिश्रा, डॉ शमा बी, डॉ शारदा सिंह, डॉ० पूजा सिंह सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# ऑनलाइन होने से मरीज को नहीं मिल पा रहा है उपचार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित जिला अस्पताल में भर्ती की ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने से रोगियों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है उन्हें समय से उपचार नहीं मिल पा रहा है।
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित जिला अस्पताल में वार्ड और सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी ऑनलाइन होने से मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कभी-कभी देखने को मिलता है। वार्डों मैं पलंग खाली होने के बाद जब उन्हें ऑनलाइन नहीं किया जाता तब तक सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी मैं भर्ती रोगियों को वार्ड में नहीं भेजा जाता और इमरजेंसी में 17 बेड है वह हर समय रोगियों से भरे रहते हैं कभी-कभी तो चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को एक बेड पर दो-दो मरीजों को उपचार देने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यही नहीं इमरजेंसी में ब्रांच पर लिटाकर उपचार देना पड़ता है जब मरीज अधिक आते हैं तो बेड खाली न होने की बात कह कर अनियंत्रि ले जाने को कह दिया जिससे मरीज और उनके तीमारदार कहते दिखाई देते हैं।




ऐसे मेडिकल कॉलेज से क्या फायदा जब यहां उपचार ही नहीं मिलता है वर्तमान समय में डेंगू और वायरल फीवर के अलावा अन्य बीमारियां फैली हुई है जिसके कारण रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ओपीडी में रोगियों की लंबी-लंबी कतारें देखी जा सकती है वही पैथोलॉजी में खून की जांच करने वालों की लाइन लगी रहती हैं अधिकांश रोगियों को समय पर जांच रिपोर्ट भी मुहैया नहीं हो पाती है गौर तलब है जब से फिरोजाबाद में स्व-शासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हुई है और उससे जिला एसएनएस अस्पताल को कॉलेज से जोड़ दिया है तभी से जिला अस्पताल का हाल बेहाल है इस और किसी भी जन प्रतिनिधि और और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है कभी-कभी जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी निरीक्षण को आते भी हैं। परंतु वह खाना पूरी कर कर्तव्य की इतश्रीपूर्ण करके चले जाते हैं।

# शब्दम ने किया हिन्दी मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। शब्दम संस्था द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के हिन्दी विषय में 90 या अधिक अंक लाने वाले जनपद के 30 विद्यालयों के 210 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता में हिन्दी भाषा का योगदान विषय पर गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।
विद्यार्थी हिन्दी सम्मान के पीछे संस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में हिन्दी को गौरव की भाषा बनाना है। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किरण बजाज ने कहा कि आज विदेशों में जो लोग उच्चासीन पदों पर हैं। वे अपनी भाषा में ही निपुणता हासिल कर वहां तक पहुंचे। विद्यार्थियों से कहना चाहूंगी कि हिन्दी में ही प्रगति है। अपने सपनों को ही आप हिंदी में ही खोजें।
मुख्य वक्ता अरविन्द तिवारी ने कहा कि हमें हिन्दी भाषा को इतना सरल बनाना है कि पूरे देशवासी उस भाषा को अपना सकें। क्योंकि संस्कृतनिष्ठ



भाषा हर व्यक्ति नहीं अपना सकता। इसलिए उसमें भारत के विभिन्न राज्यों की प्रचलित भाषाओं के शब्दों को शामिल करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.ध्रुवेन्द्र भदौरिया ने अपनी कविता सुनाते हुए कहा कि खुसरो ने तुमको चमकाया और जायसी ने अपनाया। रहीम और रसखान ने तुझको आदर देकर शीष झुकाया। फिर भी तू है एक वर्ग की,सुनकर हुयी हतासा हिन्दी। भारत मां की आशा हिन्दी। कार्यक्रम के दौरान कई विद्यार्थियों ने भी राष्ट्रीय एकता में हिन्दी भाषा का योगदान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।
डॉ. महेश आलोक ने शब्दम परिचय दिया। मंजर उलवासै ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे हिन्दी शब्दकोष देखा जा सकता है। डॉ. चन्द्रवीर जैन ने गीतिका बजाज की कविता पढ़कर सुनायी। संचालन दीपक औहरी ने किया। इस अवसर पर अश्वनी जैन, अलका अग्रवाल, दीप्ती सक्सेना,मेघा सक्सेना,आशीष यादव,प्रीती औहरी, मोहित जादोंन, विवेक शुक्ला, भूपेन्द्र सिंह,राजीव प्रताप,राहुल शर्मा, अजयपाल, शिवम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ।

**समाज जागरण -बृगमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारत सरकार की मनसानुसार " मेरी माटी मेरा देश " अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत , मौढा में " अमृत कलश यात्रा " का ग्राम प्रधान श्रीमती मिथलेश यादव ने पंचायत सचिवालय की मिट्टी कलश में डालकर शुभारंभ किया।
इसके बाद अमृत कलश यात्रा ने ग्राम में भ्रमण कर घर-घर जाकर मिट्टी



एकत्रित की और लोगों को देश के शहीदों की कुर्बानियां के बारे में जानकारियां दी तथा अपने गांव और देश की उन्नति को सहयोग करने के लिए प्रेरित भी किया।
इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव , प्रधान श्रीमती मिथलेश यादव , ग्राम विकास अधिकारी बृजेश कुमार , पंचायत सहायक रूपल शर्मा , आंगनवाड़ी रेखा देवी एवं सुमन पचौरी , आशा सुमन देवी एव मंजू देवी , निर्माण कार्य समिति के अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय , निर्माण कार्य समिति के पूर्व अध्यक्ष संदीप कुमार , रवि कुमार , उदयवीर सिंह , नीलम देवी , राजनश्री सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# अभियन्ता दिवस पर जिला विज्ञान क्लब ने देश के प्रख्यात इंजीनियर डॉ विश्वेश्वरैया को किया नमन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यार्थियों ने जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर देश के प्रख्यात इंजीनयर डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्मजयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को अभियन्ता दिवस के विषय पर प्रकाश डालते हुए डॉ मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जीवनी को समझाते हुए बताया कि मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म कोलार जिले के चिक्काबल्लापुर में 15 सितंबर 1860 को एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम श्रीनिवास शास्त्री तथा माता का नाम वेंकाचम्मा था। उनके पूर्वज आंध्र प्रदेश के मोक्षगुंडम से यहाँ आकर बस गए थे। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरय्या एक प्रख्यात इंजीनियर और राजनेता थे। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के निर्माण में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 1955 में देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत




किया गया था। भारत में उनका जन्मदिन अभियन्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जनता की सेवा के लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें नाइट कमांडर ऑफ द ब्रिटिश इंडियन एम्पायर से सम्मानित किया। वो हैदराबाद शहर के बाढ़ सुरक्षा प्रणाली के मुख्य डिजाइनर थे और मुख्य अभियंता के तौर पर मैसूर के कृष्ण सागर बाँध के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई थी। उनकी 100 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। 101 वर्ष की उम्र में 14 अप्रैल 1962 को उनका निधन हुआ। इस अवसर कु शिवानी यादव, सोनाली, स्नेहा बघेल, शालिनी, संयुक्ता, संध्या, तनवी जादौन, संध्या राजपूत, महक, भूमी गुप्ता, संस्कृति जैन, रितिक बघेल, अनुज कुशवाह, अनुराग, अयाज, ब्रजमोहन, कृष्णा, महेन्द्र सिंह, शुभम जैन, मोहन, शिवम कुमार, विकल्प शर्मा, आशीष कुमार, रितिक कुशवाह, मीर खान, हारून, लोकेश यादव, अमन कुमार, रोहित राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# गाजीपुर-विजईपुर मार्ग की खस्ता हालत पर गम्भीर हुई कांग्रेस

**केंद्रीय गृह मंत्रालय और यूपी की राज्यपाल को पत्र लिखा पत्र**

**प्रदेश को गड्ढा मुक्त नहीं गड्ढे में ढकेल दिया है भाजपा ने: विभाकर शास्त्री**

**फतेहपुर की सड़कें गड्ढा मुक्ति नही गड्ढा युक्ति हैं प्रदेश के मुखिया के दावा हुए धराशाई**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गाजीपुर-विजईपुर मार्ग की खस्ता हालत में सुधार के लिए जनपद के विकास दूत रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. हरिकृष्ण शास्त्री के पुत्र विभाकर शास्त्री ने गृह मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखकर वस्तु स्थिती से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है

जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. निर्मल तिवारी ने पिछले दिनों उपरोक्त मार्ग को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को अवगत कराते हुए केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पिछले लगभग नौ वर्षों में कुछ न किए जाने से कई लाख ग्रामीणों का नारकीय जीवन होने की बात कही थी, जिसपर कांग्रेस के केंद्रीय नेता (पूर्व प्रधानमन्त्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र) विभाकर शास्त्री ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर जल्द से जल्द इस अत्यंत खस्ताहाल मार्ग का सलीके से जीर्णोद्धार करवाए जाने की महती आवश्यकता जताते हुए त्वरित गति से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

विभाकर शास्त्री ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन के बाद फतेहपुर के जनप्रतिनिधि इस मार्ग को लेकर कतई गंभीर नहीं है, इनके द्वारा इस अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग के पुनर्निर्माण के बाबत कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने कहां कि जैसा ग्रामीण बताते है कि लगभग तीस साल से इस मार्ग की हालत खराब है, जो पिछले कुछ सालों से ज्यादा खस्ताहाल हो गई है, जिसमें सुधार के प्रति जरूरी प्रयास नहीं हुए है।

उन्होंने कहा कि यूपी की योगी सरकार सिर्फ.हवा में प्रदेश को गड्ढा मुक्त बनाने का दावा करती है, मुख्यमंत्री को एक बार इस मार्ग की हालत का स्वयं जायजा लेना चाहिए, शायद तब उनको पता चलेगा कि यूपी में कितना हवाई विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले माह वह गाजीपुर और असोथर जाकर वहां के ग्रामीणों से मिलेंगे। उधर निर्मल तिवारी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो कांग्रेस इस रोड़ के निर्माण के लिए सघन प्रयास करेगी और जरूरत पड़ी तो प्रभावी ढंग से धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस समेत आईएनडीआईए गठबंधन दलों के नेता भी शामिल होंगे...!।

# नगदी तथा लाखों के जेवर लेकर किशोरी को युवक भगा ले गया

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र से किशोरी को बहला फुसला कर एक युवक भगा ले गया। किशोरी अपने घर से लाखों रुपए कीमत के जेवर तथा नगदी साथ ले गई। उसके पिता ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।
थाना उत्तर क्षेत्र निवासी संजय अपने रिश्तेदारी में गया था। परिवार के लोग भी उसके साथ गए थे। उसकी पुत्री घर पर रह गई थी। पुत्री 11 सितंबर को कोचिंग पढ़ने गई थी वहां से लौटकर नहीं आई।
चाचा ने उसकी गुमशुदगी की तहरीर थाने में दी थी। परिवार के लोग लौट कर आए तो घर की हालत देख हैरत में पड़ गए। कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी। उसमें रखी नगदी तथा सोने चांदी के आभूषण गायब थे।
पिता ने थाने पहुंचकर नीरज शर्मा पवन शर्मा पुत्र महेश कुमार तथा मोनू सिंह पुत्र पप्पू निवासी निकाऊ खैरगढ़ के खिलाफ 13 को मुकदमा दर्ज कराया है। पिता का कहना है उनकी पुत्री घर से ₹50000 नगद दो सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, आठ अंगूठियां जनानी, दो अंगूठी मदार्नी कॉलर साथ में ले गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुड़ गई है।

# खून की जांच में बेखौफ दलाली से मरीज कंगाल

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। इटवा तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विभागीय तंत्रों की काली करतूतों से आए दिन सुर्खियों में रहता है। ऐसा लगता है कि जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के चिकित्सकों से लेकर कर्मचारियों पर कोई प्रभाव नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में चिकित्सकों की मिलीभगत की वजह से अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा खून जांच के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है। जबकि प्रदेश सरकार मरीजों के उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विभिन्न प्रकार की जांच यंत्रों की एवं मेडिसिनों की सुविधाएं समय समय पर उपलब्ध कराती रहती है। और प्रदेश सरकार की मंशा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आए मरीजों का भरपूर ख्याल रखा जाए और उनको जांच व इलाज के लिए भटकना न पड़े। इसके बावजूद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के जिम्मेदार मरीजों के दर्द को नजर अंदाज कर शासन की मंशा को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। जबकि इन नौकरशाहों को भली भांति मालूम है कि शासन तक शिकायत पहुंचने पर इनके भ्रष्ट रवैया पर गाज गिरनी तय हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा पर आए कुछ मरीजों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मलेरिया टाइफाइड टीवी सहित अन्य जांच के लिए चिकित्सकों द्वारा जांच पर्ची तो लिखी जाती है। लेकिन जब वह जांच पर्ची लेकर मरीज अस्पताल के जांच लैब में जाते हैं तब वहां मौजूद स्टाफ, कर्मचारियों द्वारा खून जांच के नाम पर सुविधा शुल्क मांगी जाती है। और सुविधा शुल्क ना देने पर मरीजों से कहा जाता है कि जांच की सुविधा यहां पर उपलब्ध नहीं है बाहर से जांच करवाना पड़ेगा। और वहीं जब मरीज सुविधा शुल्क देने को तैयार हो जाता है तब उसकी जांच अस्पताल में ही कर दी जाती है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल के कर्मचारी मरीजों को खून जांच के लिए अपने सेटिंग के पैथोलॉजी पर भेजते हैं जहां पर उनका कमीशन फिक्स रहता है। यदि मरीज किसी दूसरे पैथोलॉजी से जांच करवा कर चिकित्सक के पास जांच रिपोर्ट ले जाता है तब उस जांच रिपोर्ट को गलत साबित कर दिया जाता है और पुनः सेटिंग के पैथोलॉजी पर जांच कराने की सलाह दी जाती है। ऐसे में मरीजों को हर हाल में खून जांच के नाम पर ठगी का शिकार होना ही पड़ता है जो कि बेहद शर्मनाक विषय है। सवाल यह है कि आखिर मरीजों को कब तक ठगी का शिकार होना पड़ेगा।

# जेएस विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान एकत्रित छात्र-छात्राएं और विद्यालय स्टाफ।

## *जेएस विश्वविद्यालय में फैकल्टी नोलेज शेयरिंग प्रोग्राम का आयोजन*

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वाधान में शुक्रवार को फैकल्टी नोलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.शालिनी खण्डेलवाल फैकल्टी एण्ड एक्स ऐरिया को.आर्डिनेटर एचआर उपस्थित रहीं। उन्होंने कह शालिनी खण्डेलवाल जी ने अपने विचार व्यक्त किये। उनके अनुभवों से विश्वविद्यालय के आचार्यगणों को भविष्य के लिये नये शोध विचार प्राप्त हुये।
उनका व्याख्यान छात्र.छात्राओं व आचार्यो के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के लगभग 160 छात्र.छात्राओं एवं 102 आचार्यगणों ने सहभागिता की। व्याख्यान के समापन पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ.गौरव यादव ने डॉ.शालिनी खण्डेलवाल का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक के तौर पर डॉ. अखिलेश उपाध्याङ्क अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय,डॉ. गौरव कुमार गुप्ता,डॉ. नीतेश सक्सैना,डॉ. नवीन यादव,डा. इश्तियाक खान उपस्थित रहे।
इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश कुमार, प्रति कुलाधिपति डॉ. पीएस यादव, कुलपति डॉ.बीपी अग्रवाल,वाइस चेयर पर्सन डॉ. गीता यादव,ट्रस्टी अशोक कुमार,मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हिमांशू यादव और डॉ.शुभम यादव आदि मौजूद रहे।

